

दैनिक
नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक
K ✌ K
RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे
नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-26 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 02 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## चमोली में हुए एवलांच में दबे चार मजदूरों की मौत, 5 लोगों की तलाश अभी भी जारी



देहरादून(ए.)। उत्तराखंड में आए हिमस्खलन की वजह से सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के 52 से अधिक श्रमिकों के फंसने के बाद राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा नियंत्रण कक्ष का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को बचाव कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार इस हादसे में 50 लोगों को बचा लिया गया है। वहीं, चार श्रमिकों की मौत हो गई है पीएम मोदी ने सीएम धामी से बात करके राहत और बचाव अभियान की जानकारी ली। सुरक्षित बाहर निकाले गए श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। वहीं सीएम धामी ने चार मजदूरों की मौत पर दुख जताया है। वहीं, पीआरओ डिफेंस देहरादून लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने बताया है कि बर्फ में दबे चार मजदूरों की मौत हो गई है। पांच की तलाश जारी है। जबकि 46 मजदूर सुरक्षित हैं। सीएम धामी भी मौके पर मौजूद हैं। जिलाधिकारी डाक्टर संदीप तिवारी ने बताया हिमस्खलन में गम्भीर रूप से घायल जिन तीन लोगों का इलाज माणा आई टी बी पी अस्पताल में चल रहा था।

उन्हें आज शनिवार को सेना के हेलीकॉप्टर से जोशीमठ सेना अस्पताल में लाया गया है। बताया गम्भीर रूप से घायल और उपचार के लिए लाये गये घायलों की स्थिति नियंत्रण में है।मौसम विभाग ने बारिश, बर्फबारी और एवलांच आने की घटनाओं के बीच एहतियात बरतने की सलाह भी दी है। खासतौर पर ऐसे इलाकों में मानवीय गतिविधियों को फिलहाल स्थगित रखने की सलाह दी गई है, जहां बर्फबारी का दौर लगातार जारी है। ऐसे स्थानों पर रुकने या आश्रय लेने का सुझाव दिया गया है, जहां पर मलबा गिरने, एवलांच आने या बर्फ टूटने का खतरा न हो।



कुल्लू में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद बचाव अभियान जारी।

## मुख्यमंत्री कृषक प्रोन्नति योजना में धान पर 4 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर मिलेगा अतिरिक्त लाभ : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### बालाघाट के खिलाड़ियों को मिली हॉकी एस्ट्रो टर्फ की सौगात
### 5 वर्षों में 2 लाख 70 हजार युवाओं को मिलेगी नौकरियां



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बालाघाट के किसान सम्मेलन में किसानों को अभूतपूर्व सौगात देते हुए कहा कि अब प्रदेश में धान उत्पादक किसानों को 4 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर अतिरिक्त लाभ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि गेहूँ उत्पादक किसानों को भी प्रति क्विंटल 175 रूपये अतिरिक्त बोनस राशि दी जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मूल्य संवर्धन योजना (प्राइस सपोर्ट स्कीम) अंतर्गत वर्ष 2024 में 6.69 लाख किसानों द्वारा 12.2 लाख हेक्टेयर रकबे में उत्पादित धान का विक्रय किया गया है। धान उत्पादक किसानों को मुख्यमंत्री कृषक प्रोन्नति योजना में प्रति हेक्टेयर 4000 रूपये का लाभ मिलेगा। इससे प्रदेश के किसानों को 488 करोड़ रूपये का अतिरिक्त लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गेहूँ उत्पादक किसानों को भी समर्थन मूल्य 2425 रूपये के अतिरिक्त 175 रूपये प्रति क्विंटल की बोनस राशि दी जायेगी। इस प्रकार गेहूँ के उपार्जन पर प्रति क्विंटल 2600 रूपये की राशि मिलेगी। इस वर्ष प्रदेश में 80 लाख मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जन अनुमानित है। प्रदेश के किसानों को 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस के रूप में मिलने से लगभग 1400 करोड़ रूपये की अतिरिक्त राशि का लाभ होगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध होकर निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती की जा रही है। आने वाले 5 वर्षों में 2 लाख 70 हजार पदों पर विभिन्न सेक्टर में रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे। हमारी सरकार वर्ष 2028 तक सरकार 70 प्रतिशत युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता पूर्वक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रदेश में चल रही योजनाएं यथावत चलती रहेगी।

## मुख्यमंत्री निवास में किसान आभार सम्मेलन 2 मार्च को

### किसान मुख्यमंत्री डॉ. यादव का करेंगे आभार व्यक्त

भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश के किसान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का राज्य सरकार की विभिन्न किसान हितैषी नीतियों, निर्णयों और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये 2 मार्च को आभार व्यक्त करेंगे। मुख्यमंत्री निवास में दोपहर 12 बजे किसान आभार सम्मेलन का आयोजन किया गया है। मध्यप्रदेश, देश में सबसे ज्यादा दाम पर गेहूं का उपार्जन करने वाला राज्य है। मध्यप्रदेश में गेहूं का उपार्जन 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से किया जायेगा। इसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा किसानों के हित में निर्णय लेते हुए 175 रूपये प्रति क्विंटल की दर से बोनस प्रदान किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को ही धान उत्पादक किसानों को वर्ष 2024 में विक्रय किये गये धान पर प्रति हेक्टेयर 4 हजार रूपये की अतिरिक्त राशि प्रदान करने का भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। किसान आभार सम्मेलन में ऊर्जा, उद्यानिकी, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया जायेगा।

## तेलंगाना सुरंग हादसे का आज 8वां दिन, टनल में फंसे 8 लोगों तक पहुंचने का प्रयास जारी



नागरकुरनूल (आरएनएस)। तेलंगाना में श्रीशैलम सुरंग नहर परियोजना के निर्माणाधीन खंड की छत का हिस्सा ढह जाने की घटना के आज आठ दिन पूरे हो गए. इस हादसे में सुरंग में फंसे 8 लोगों को निकालने में बचाव दल अभी तक सफल नहीं हो सके हैं. इस बीच टीबीएम मशीन को काटने का काम जारी है. उम्मीद है कि इसके बाद फंसे लोगों तक पहुंचा जा सकता है.रिपोर्ट के अनुसार बचाव दल फंसे हुए लोगों तक पहुंचने के लिए सुरंग बोरिंग मशीन (टीबीएम) को काट रहे हैं. अधिकारियों ने कि टनल में फंसे लोगों को बचाने का प्रयास जोरों पर है. नागरकुरनूल के पुलिस अधीक्षक वैभव गायकवाड़ ने कहा कि एनडीआरएफ, सेना, सरकारी खनन कंपनी सिंगरेनी कोलियरीज, रैट माइनर्स और अन्य एजेंसियों के कर्मियों वाली टीमें लगातार काम कर रही है.एसपी ने कहा कि बचाव अभियान जारी है. एक टीम शनिवार सुबह सुरंग के अंदर गई. पानी निकालने और मलबा हटाने का काम भी साथ-साथ चल रहा है. उन्होंने कहा कि आगे का रास्ता साफ करने के लिए टीबीएम के हस्सों को भी काटा जा रहा है.फंसे हुए लोगों की तलाश करने के लिए उस स्थान तक पहुंचने में जो भी बाधाएं आ रही हैं, हमें उन्हें हटाना होगा. एक अधिकारी के अनुसार सुरंग में कन्वेयर बेल्ट के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत शनिवार को होने की उम्मीद है. बता दें कि एसएलबीसी सुरंग परियोजना पर काम कर रहे आठ लोग 22 फरवरी को सुरंग का एक हिस्सा ढह जाने के बाद फंस गए थे. सेना, नौसेना, सिंगरेनी कोलियरीज और अन्य एजेंसियों के 500 से अधिक कुशल कर्मियों की एक टीम पिछले कुछ दिनों से बचाव अभियान में लगी हुई हैं. फंसे हुए लोगों की पहचान मनोज कुमार (यूपी), श्री निवास (यूपी), सनी सिंह (जम्मू-कश्मीर), गुरप्रीत सिंह (पंजाब) और संदीप साहू, जेगता जेस, संतोष साहू और अनुज साहू (झारखंड) के रूप में हुई है।

## 500 जवानों ने बड़े नक्सलियों को चारों तरफ से घेरा, मुठभेड़ में 2 नक्सली ढेर



सुकमा (ए.)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में जवानों ने 2 नक्सलियों को मार गिराया है। इनमें एक महिला और एक पुरुष नक्सली है। दोनों के शव बरामद कर लिए गए हैं, लेकिन पहचान नहीं हो पाई है। मारे गए नक्सलियों को मिलाकर 2025 में 83 नक्सली ढेर हुए हैं। मामला किस्टाराम थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह से पुलिस और नक्सलियों के बड़े लीडर्स से मुठभेड़ चल रही है। दोनों तरफ से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। बताया जा रहा है कि किस्टाराम इलाके में कोबरा, डीआरजी और जिला बल के करीब 500 जवानों ने नक्सलियों को घेर रखा है। इसके पहले जवानों ने बीजापुर में 9 फरवरी को जवानों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया था। सभी 31 के शव रिकवर कर लिए गए थे। मुठभेड़ में 2 जवान भी शहीद हुए थे। मुठभेड़ बीजापुर के इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके में हुई थी। इस साल का ये सबसे बड़ा नक्सल ऑपरेशन था।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने विक्रमोत्सव-2025 आर्ष भारत - भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परम्परा विक्रमकालीन मुद्रा एवं मुद्रांक प्रदर्शनी का अवलोकन किया।




## 14 साल तक की लड़कियों को मिलेगी मुफ्त कैंसर वैक्सीन, सरकार ने कर दिया बड़ा ऐलान



मुंबई (ए.)। महाराष्ट्र की फडणवीस सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य सरकार ने 14 साल तक की आयु वर्ग की लड़कियों के लिए मुफ्त कैंसर वैक्सीन उपलब्ध कराने की घोषणा की है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने शनिवार को इस योजना की जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने बताया कि वर्तमान समय में लोगों की जीवनशैली में तेजी से बदलाव हो रहा है, जिसके कारण कैंसर के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बीमारी अब हर आयु वर्ग के लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार ने मुफ्त कैंसर टीकाकरण कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य मंत्री आबिटकर ने कहा, हमने राज्य के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार से 0 से 14 साल की लड़कियों के लिए मुफ्त कैंसर वैक्सीन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा था। खुशी की बात है कि उन्होंने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है और सरकार जल्द ही इस योजना को लागू करेगी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि कैंसर के मामलों में वृद्धि का मुख्य कारण केवल धूम्रपान या नशीले पदार्थों का सेवन ही नहीं है, बल्कि लोगों की खान-पान की आदतों में बदलाव और आधुनिक जीवनशैली भी एक बड़ा कारण है। विशेष रूप से बच्चों में कैंसर के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए, सरकार की यह मुफ्त टीकाकरण योजना एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल मानी जा रही है।

## बजट सत्र में गूंजेगा सौरभ शर्मा का मुद्दा

### कांग्रेस ने सरकार को घेरने की बनाई रणनीति, नेता प्रतिपक्ष ने लगाए गंभीर आरोप

भोपाल (ए.)। मप्र में बजट सत्र की तैयारियां शुरू कर दी गई है। सत्र 10 मार्च से शुरू होगा और 24 मार्च चलेगा। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा, 12 मार्च को सदन में बजट पेश करेंगे। वहीं कांग्रेस ने भी भ्रष्टाचार को लेकर सरकार को घेरने के लिए खास रणनीति बनाई है। कांग्रेस सौरभ शर्मा का मुद्दा विधानसभा में उठाएगी।नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई में भ्रष्टाचार हुआ है, ऐसे में अहम विधानसभा में सौरभ शर्मा मामले को उठाएंगे। इसके साथ ही एक साल से अधिक का समय सरकार बने हो गया है, लेकिन वादे पूरे नहीं हुए। वादे पूरे करने को लेकर भी सरकार को सदन में घेरेंगे। यूनियन कार्बाइड कचरे को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि पीथमपुर की जमीन को सरकार भू माफिया को बेचना चाहती है। इसलिए वहां पर कचरा नष्ट किया जा रहा है, ताकि वहां के लोग अपनी जमीन बेचकर चले जाएं। इंदौर बीआरटीएस के हटाए जाने पर भी नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार को आगामी हालातों को देखते हुए प्रोजेक्ट बनाना चाहिए। लेकिन सरकार हर प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार करती है।

## अचानक दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे राहुल गांधी, कुलियों से की मुलाकात



नई दिल्ली(ए)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी शनिवार शाम अचानक नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंच गए। यहां उन्होंने स्टेशन में काम करने वाले कुलियों और यात्रियों से बातचीच की। राहुल गांधी यहां लगभग 40 मिनट रुके और लोगों की समस्यांए जानी। इससे पहले भी राहुल रेलवे स्टेशन पर कुलियों से मुलाकात कर चुके हैं।नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे राहुल गांधी ने न केवल कुलियों से बातचीत की बल्कि कुछ दिन पहले रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाने वाली ट्रेन पकड़ने के लिए हुई भगदड़ को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने भगदड़ के दौरान यात्रियों की जान बचाने के लिए देशवासियों की तरफ से कुलियों को धन्यवाद भी दिया है।

राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट किया और लिखा अक्सर सबसे अंधकार भरे समय में ही इंसानियत की रोशनी सबसे ज़्यादा चमकती है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के दौरान कुली भाइयों ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए कई यात्रियों की जान बचाई थी। इसके लिए मैंने देशवासियों की ओर से आज उनका धन्यवाद किया।राहुल गांधी ने कहा कि ऐसे हादसों से सीख लेना ज़रूरी है। भीड़ नियंत्रण, आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और आपातकालीन व्यवस्थाओं को मजबूत करके इन्हें रोका जा सकता है। आशा है सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाएगी ताकि हर वर्ग के यात्री सुरक्षित यात्रा कर सकें।





## चिकित्सकों के दलों ने 26 सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा निगमकर्मियों विशेषकर स्वच्छता संबंधी कार्यों में संलग्न कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु समय-समय पर शिविरों का आयोजन किया जाकर शिविरों में विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच, औषधी वितरण के साथ ही उपचार एवं स्वास्थ्य के संबंध में सलाह दी जा रही है। इसी तारतम्य में शनिवार को जिंसी गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के प्रथम दिन में 26 सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. नुपूर साहू व अन्य चिकित्सकों द्वारा किया गया एवं विभिन्न रोगों की जांच भी की गई। सोमवार, 03 मार्च 2025 को भी जिंसी गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला मुख्य एवं चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों के आयोजन के क्रम में जिंसी गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में डॉ. नुपूर साहू सहित अन्य चिकित्सकों व सहयोगी स्टॉफ द्वारा 26 सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं विभिन्न रोगों की जांच/स्क्रीनिंग की गई। शिविर में निगमकर्मियों की सुविधा के दृष्टिगत ई-के.वॉय.सी, आभा आई.डी व आयुष्मान कार्ड बनवाने की सुविधा भी दी गई।

## गोविंदपुरा इंडस्ट्रीयल एरिया में भीषण आग, केमिकल फैक्ट्री जलकर राख

भोपाल(आरएनएस)। गोविंदपुरा इंडस्ट्रीयल एरिया में शनिवार को दोपहर में भीषण आग लग गई। इस घटना में केमिकल फैक्ट्री में आग लग गई। थोड़ी देर के लिए आग में कुछ लोग घिर गए थे, जिन्हें बचा लिया गया। बताया जा रहा है कि आग की लपटें आसपास की फैक्ट्रियों तक भी जा सकती थी। जिस फैक्ट्री में आग लगी उससे लगे कारों के शोरूम भी है।आग पर काबू पाने के लिए पूरे भोपाल की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई है। जेके रोड स्थित टाटा और महिंद्रा शोरूम के पीछे यह केमिकल फैक्ट्री है। इसका नाम आनंद आर्गनाइज है। इसके मालिक प्रेम चावला है। यहां थिनर बनाया जाता था। इसके लिए 40 हजार लीटर केमिकल रखा हुआ था।सूचना मिलते ही गोविंदपुरा, पुल बोगदा, फतेहगढ़ से फायर फाइटर्स मौके पर पहुंचे। सीआईएसएफ की टीम भी पहुंची। एसडीईआरएफ की टीम भी पहुंच गई थी। 12 दमकलों की मदद से आग बुझाने की कोशिश शुरू की गई। 50 पानी के टैंकर भी बुलाए गए। इस दौरान कुछ कर्मचारी भी झुलस गए।केमिकल की वजह से भड़की आग के बाद धुआं ही धुआं फैल गया। 10 किमी दूर से धुआं दिखाई दे रहा था। आग लगने के बाद वहां भीड़ लग गई। ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बनी। पुलिस ने मौके से लोगों को हटाया। केमिकल से भड़की आग को पहले पानी से ही बुझाया जा रहा था। इससे वह लगातार भभक रही थी। बाद में फायर ब्रिगेड में पानी में फोम मिलाकर आग बुझाई।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को व्यापक रूप देने कांग्रेस द्वारा प्रभारी-सहप्रभारी मनोनीत

भोपाल।(आरएनएस)। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को व्यापक रूप से संचालित किये जाने हेतु कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश स्तर पर प्रभारी एवं सह-प्रभारी नियुक्ति किये हैं।मध्यप्रदेश कांग्रेस के महामंत्री संगठन डॉ. संजय कामले ने बताया कि कांग्रेस नेता ललित सेन को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य हेतु प्रदेश स्तर पर प्रभारी और जहीर अहमद को सह प्रभारी नियुक्ति किया गया है। डॉ. कामले ने बताया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य हेतु बनाये गये प्रभारी-सह प्रभारीद्वय से अपेक्षा की गई है कि वे जिला एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों, विधायकों, एवं कांग्रेस द्वारा मनोनीत जिला प्रभारियों/ सह-प्रभारियों से समन्वयक स्थापित कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को सकारात्मकता के साथ दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे।डॉ. कामले ने बताया कि प्रदेश भर में मतदाता सूचियों में गड़बड़ी सामने आयी हैं, जिसमें अपात्र मतदाताओं के नाम बड़ी संख्या में जोड़े गये हैं, जिससे प्रदेश में होने वाले विभिन्न चुनावों में पारदर्शिता पर प्रश्न चिन्ह लगता है। ऐसी स्थिति में पात्र मतदाताओं के साथ कुठाराघात होता है। कांग्रेस पार्टी ने निर्णय लिया है कि प्रदेश भर में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया जायेगा और अपात्र लोगों के नाम मतदाता सूची से हटवाने का काम कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रमुखता से कराया जायेगा। उक्त संबंध में समस्त जिला कांग्रेस कमेटियों, जिला कांग्रेस के प्रभारियों-सहप्रभारियों एवं समस्त विधायकों और विधानसभा प्रत्याशियों को पत्र भेजकर सहयोग करने का आग्रह किया गया है।

# पारंपरिक से आधुनिकता की ओर अग्रसर मध्यप्रदेश का टैक्सटाइल उद्योग

### जीआईएस बना टैक्सटाइल में निवेश का एक्सप्रेस सुपर-हाईवे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव




भोपाल।(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अपने समृद्ध टैक्सटाइल और परिधान उद्योग के कारण एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश की कृषि समृद्धि, पारंपरिक बुनकर समुदायों की उत्कृष्ट कला, आधुनिक औद्योगिक आधार और निवेशक-अनुकूल नीतियाँ राज्य में टैक्सटाइल सेक्टर को सशक्त बना रही हैं। जीआईएस-जीआईएस-भोपाल का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश को देश की कॉटन कैपिटल घोषित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश देश का सबसे बड़ा कपास उत्पादक राज्य है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राज्य की प्रसिद्ध चंदेरी और माहेश्वरी साड़ियों, बाघ प्रिंट, छीपा हैंड-ब्लॉक प्रिंट और बटिक प्रिंट की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी बताया कि देश के सात बड़े टैक्सटाइल पार्कों में से एक मध्यप्रदेश में स्थापित किया जा रहा है। भोपाल में राज्य सरकार के प्रयासों से देश-विदेश के निवेशकों ने रुचि दिखाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि मध्यप्रदेश भारत के टैक्सटाइल और एपैरल हब के रूप में स्थापित हो रहा है।

### जीआईएस भोपाल में टैक्सटाइल निवेश को बढ़ावा

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में टैक्सटाइल उद्योग में निवेश को बड़े पैमाने पर बढ़ावा मिला। प्रदेश में एमएसएमई क्षेत्र के लिए 21 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव में अधिकांश टैक्सटाइल उद्योग को प्राप्त है। इससे युवाओं के लिये 1.3 लाख से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उद्योग और निवेश संवर्धन विभाग के अंतर्गत 8,616 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित हुआ है। वर्तमान में मध्यप्रदेश में 60 से अधिक बड़ी टैक्सटाइल मिलें संचालित हैं। साथ ही इंदौर के रेडीमेड गारमेंट और अपैरल क्लस्टर में 1,200 से अधिक इकाइयां उत्पादन कर रही हैं।

### पीएम मित्र पार्क: रोजगार और औद्योगिकीकरण को बढ़ावा

मध्यप्रदेश के धार जिले में बन रहा पीएम मित्र पार्क देश का सबसे बड़ा टैक्सटाइल पार्क है। इसमें एक लाख से अधिक प्रत्यक्ष और दो लाख से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। पीएम-मित्र पार्क प्रदेश को टैक्सटाइल उद्योग में नये सिरे से स्थापित करेगा।

### मध्यप्रदेश टैक्सटाइल क्षेत्र: महत्वपूर्ण तथ्य

मध्यप्रदेश में भारत के 43 प्रतिशत जैविक कपास का उत्पादन होता है। विश्व में प्रदेश के कपास उत्पादन का योगदान 24 प्रतिशत है। प्रदेश में कपास का उत्पादन 31 हजार 700 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष है। इसलिए इसे कॉटन कैपिटल कहा गया है। मलबरी सिल्क को मिलाकर 200 मीट्रिक टन सिल्क का उत्पादन होता है।

### नवीन टैक्सटाइल नीति-2025 से उद्योगों को मिल रहा प्रोत्साहन

मध्यप्रदेश सरकार ने टैक्सटाइल उद्योग के लिए नई नीति लागू की है, जिसमें निवेशकों को कई वित्तीय और गैर वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किए जा रहे हैं। नीतिगत प्रावधानों में प्लांट और मशीनरी में किए गए निवेश पर 10 से 40 प्रतिशत तक की राशि निवेश संवर्द्धन सहायता के रूप में उद्यमियों को दी जाएगी। इस पर 5 से 7 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान भी 5 वर्ष तक दिया जाएगा। इकाइयों में बिजली, पानी और सड़क अधोसंरचना निर्माण के के लिए 1 करोड़ रुपये तक की सहायता दी जाएगी। साथ ही इकाइयों के परिसर में कचरा प्रबंधन प्रणाली के लिए 1 करोड़ रुपये तक की ग्रीन इंडस्ट्रियलाइजेशन सब्सिडी भी दी जाएगी। एपैरल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट खोलने पर 50 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। पहली बार 5 लाख रुपये तक के पेटेंट शुल्क की 100त्न वापसी, पेटेंट मिल जाने पर दी जाएगी, साथ ही पेटेंट प्रक्रिया में भी सरकार आवश्यक सहायता करेगी।

**प्रधानमंत्री मोदी के 5एफ-विजन को मध्यप्रदेश ने दिया मूर्त रूप**

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जीआईएस-भोपाल में टैक्सटाइल एवं गारमेंट सेक्टर के विकास के लिए 5-एफ विजन फार्म, फाइबर, फैक्ट्री, फैशन और फॉरेन का मंत्र देते हुए कहा कि देश और विशेष रूप से मध्यप्रदेश में उत्पाद मूल्य श्रृंखला के सभी तत्व मौजूद हैं। इनमें फार्म के अंतर्गत आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने के लिए कपास और रेशम किसानों से कच्चे माल के उत्पादकों को जोड़ना। 'फाइबर' में फाइबर निर्माण और प्र-संस्करण इकाइयों का प्रदर्शन सुधारना, जो उद्योग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जबकि, 'फैक्ट्री' के तहत प्रदेश के वस्त्र निर्माण और औद्योगिक उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र को उजागर करना शामिल है।

### टैक्सटाइल सेक्टर में पूर्व में प्राप्त हो चुका है 3,513 करोड़ रुपए का निवेश

प्रदेश सरकार की नई टैक्सटाइल नीति से प्रदेश को पीएलआई योजना के अंतर्गत 3,513 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हो चुका है, जो देश में सर्वाधिक है। इसके अतिरिक्त राज्य में स्थापित मेगा टैक्सटाइल पार्कों के माध्यम से ब्यावरा और नीमच में बड़े निवेश आ रहे हैं। मध्यप्रदेश टैक्सटाइल उद्योग के क्षेत्र में अपनी ऐतिहासिक समृद्धि को बनाए रखते हुए आधुनिक औद्योगिकीकरण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। निवेशकों के अनुकूल नीतियों, टैक्सटाइल पार्कों, और विशेष आर्थिक पैकेजों के माध्यम से राज्य न केवल भारतीय बल्कि वैश्विक बाजार में अपनी एक अलग पहचान बना रहा है।

## सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाईयों के लिए संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना की जागरुकता के लिए निकाली गई जनचेतना पदयात्रा

### कार्यक्रम के तहत 7 मार्च तक मनाया जाएगा जागरूकता सप्ताह



भोपाल (आरएनएस)। आम जनता को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध करवाने के लिए संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना की जागरूकता के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल से जनचेतना पदयात्रा निकाली गई । इस अवसर पर नगर पालिक निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, अध्यक्ष फार्मेसी काउंसिल संजय जैन, पार्षद श्रीमती ब्रजला सचान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी सहित अधिकारी, कर्मचारी, छात्र छात्राएं एवं नागरिक शामिल हुए। जन औषधि सप्ताह 1 से 7 मार्च के बीच मनाया जा रहा है। सप्ताह के दौरान सेमिनार , स्वास्थ्य शिविरों सहित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णा सूर्यवंशी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से भर्ती होने पर 5 लाख तक का नि:शुल्क उपचार करवाने की व्यवस्था की गई है। इसी के साथ आमजन को सस्ती दरों पर गुणवत्ता वाली दवाइयां मिल सके, इसके लिए जन औषधि परियोजना भी चलाई जा रही है।

## एनपीएस में मिसिंग क्रेडिट राशि अभिदाता के खाते में जमा होगें-उप मुख्यमंत्री देवड़ा

भोपाल।(आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मिसिंग क्रेडिट की राशि अभिदाताओं के खातों में जमा करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब अशंदायी पेंशन योजना में मिसिंग क्रेडिट की राशि अभिदाता के खातों में जमा किये जायेगें। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने बताया है कि अभिदाताओं के खातों में मिसिंग क्रेडिट की राशि जमा करने के लिये 15 मार्च 2025 तक विशेष अभियान चलेगा। इस संबंध में विभागीय स्तर पर निर्देश भी जारी कर दिये गये हैं।राज्य शासन के अधीन सिविल सेवा के पदों पर एक जनवरी 2005 को या उसके बाद नियुक्त होने वाले शासकीय सेवकों पर अंशदायी पेंशन योजना (एनपीएस) लागू है। इसमें शासकीय सेवकों के वेतन से कर्मचारी अंशदान एवं शासकीय अंशदान संबंधित के परमानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नम्बर (प्रान) में जमा किया जाता है। ऐसे शासकीय कर्मचारी, जो प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ हैं और उनके अंशदान उनके प्रान में जमा नहीं हुए है, ऐसे प्रकरणों में मिसिंग क्रेडिट (गुमसुदा कटौत्री) की समस्या होती है। गुमशुदा कटौत्री की समस्या के समाधान के लिए संचालनालय कोष एवं लेखा ?द्वारा आईएफएमआईएस में सुविधा विकसित की गयी है। ऐसे शासकीय सेवक, जो प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ है, उनके अंशदान के चालानों का विवरण कोषालय अधिकारी द्वारा आईएफएमआईएस में भरा जायेगा एवं रिफण्ड देयक तैयार कर अंशदान जमा करने की कार्यवाही की जाएगी। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी वल्लभ भवन राजीव सिंह पवैया ने बताया कि वल्लभ कोषालय द्वारा जो भी प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ शासकीय सेवक जिनके ?द्वारा चालान भारतीय स्टेट बैंक की टी.टी.नगर, जहांगीराबाद,एम.पी.नगर, पंचानन, एवं बरखेड़ी की शाखाओं में जमा किये जायेगे उनका चालान का सत्यापन बल्लभ भवन कोषालय सतपुड़ा भवन द्वारा किया जायेगा।

## निगम अमले ने सुभाष नगर क्षेत्र में अवैध निर्माणों तथा सेकेण्ड स्टॉप क्षेत्र की अवैध झुग्गियों को हटाया

भोपाल।(आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से सड़कों, फुटपाथों, सार्वजनिक स्थलों आदि पर अवैध रूप से लगाये गए ठेले, अस्थाई दुकानें, गुमठी, गन्ने की चरखी, टेंट आदि हटाने की कार्यवाही की साथ ही सुभाष नगर क्षेत्र में अवैध रूप से निर्मित दुकानें व कमरा तोड़ने व सेकेण्ड स्टॉप क्षेत्र में झुग्गियों को हटाने की कार्यवाही की तथा कंडम वाहनों को भी हटाया और ठेले, कैरेड, पाईप, बैग, पान पार्लर, टेबिल आदि जप्त किए। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने शनिवार को टी.टी.नगर दशहरा मैदान, जहांगीराबाद चरक अस्पताल, मुर्गी बाजार, शब्बन चैराहा, एम.पी.नगर जोन-01 एवं 02, पीरगेट चैकी, दाता कालोनी, एयरपोर्ट रोड, कोलार मंदाकिनी चैराहा, आपूर्ति के सामने, लिंक रोड नं. 01,02 एवं 03, कोटरा, नेहरू नगर, न्यू मार्केट, बेतवा अपार्टमेंट, सेकेण्ड स्टॉप, सुभाष नगर, सुभाष नगर खेल मैदान, इकबाल मैदान, मोती मस्जिद, कोलार डीमार्ट, सर्वधर्म, चूना भट्टी, इंद्रपुरी, जेके रोड आदि क्षेत्रों में अवैध रूप से लगाई गई फल, फ्रूट आदि की दुकानें, गन्ने की चरखी, गुमठी, कंडम वाहन, टेंट आदि को हटायानिगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने भवन अनुज्ञा शाखा की कार्यवाही में सहयोग करते हुए सुभाष नगर क्षेत्र में अवैध रूप से बनीं 03 दुकानें व 01 कमरा जेसीबी मशीन व श्रमिकों के माध्यम से तोड़ा तथा सेकेण्ड स्टॉप क्षेत्र से 02 झुग्गियां भी हटाई साथ ही शहर की सुन्दरता बिगाड़ने वाले कटआउट भी हटवाने की कार्यवाही की। निगम अमले ने पुन: अतिक्रमण न करने की समझाइश दी साथ ही पुन: अतिक्रमण पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी।

## सौन्दर्यीकरण हेतु कमला पार्क में लगाई जाली तोड़ने वाले को निगम अधिकारियों ने रंगे हाथों पकड़ा

भोपाल।(आरएनएस)।नगर निगम द्वारा विगत दिनों शहर के सौन्दर्यीकरण हेतु कमला पार्क में लगाई गई जाली को तोड़कर शहर की सुन्दरता को बिगाड़ने वाले व्यक्ति को निगम अधिकारियों ने जाली तोड़ते हुए रंगे हाथों पकड़कर कार्यवाही हेतु पुलिस के हवाले किया और प्रकरण दर्ज करने हेतु थाना तलैया में आवेदन भी दिया।दरअसल शनिवार को निगम के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग व सीवेज प्रकोष्ठ के कार्यपालन यंत्री आर.के.त्रिवेदी द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा था तभी कमला पार्क में सौन्दर्यीकरण हेतु लगाई गई जाली को तोड़ते हुए व्यक्ति पर उक्त दोनों अधिकारियों की नजर पड़ी, अधिकारियों ने तत्काल अपना वाहन रोककर जाली तोड़ने वाले मोहम्मद अख्तर को पकड़ा और पुलिस के हवाले करते हुए अख्तर के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु थाना तलैया में आवेदन भी दिया जिस पर तलैया पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है।

## निगम अमले ने 206 प्रकरणों में 42 हजार 150 का स्पॉट फाईन वसूला

*भोपाल।(आरएनएस)। नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता व वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में निगम के दलों ने 206 प्रकरणों में 42 हजार 150 रूपये स्पॉट फाईन के रूप में वसूल किए। निगम अमले ने सीएंडडी वेस्ट के 03 प्रकरणों में 06 हजार रूपये की राशि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की। निगम प्रषासन ने भवन निर्माताओं से अपील की है कि वह भवन निर्माण के समय ग्रीन नेट का पूरी तरह उपयोग करें और शहर के वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु सहयोग करें अन्यथा निगम प्रषासन द्वारा निरंतर सख्त कार्यवाही की जायेगी।*

*निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देष पर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने शनिवार को जोन क्षेत्रों में सीएंडडी वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर फैलाने वालों तथा निर्माणाधीन भवनों पर ग्रीन नेट न लगाने वालों के विरूद्ध अभियान के तहत कार्यवाही की। निगम अमले ने सड़कों पर कचरा, गंदगी फैलाने, दो डस्टबिन न रखने, कचरा पृथक-पृथक न रखने, खुले स्थानों पर मूत्र विसर्जित करने, प्रतिबंधित पालीथीन का उपयोग करने एवं सम्पत्ति विरूपण करने सहित अन्य प्रकार से साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने व शहर की सुंदरता को बिगाडने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की और सभी प्रकार के प्रकरणों में स्पॉट फाईन/जुर्माने की राषि वसूल की।*

*निगम के अमले ने सीएंडडी वेस्ट सड़कों पर फैलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जोन क्रमांक 06 के अमले ने 01 प्रकरण में 05 हजार रूपये, जोन क्रमांक 08 के अमले ने 02 प्रकरण में 01 हजार रूपये सहित कुल 03 प्रकरणों में 06 हजार रूपये की राषि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की। निगम प्रशासन ने भवन निर्माताओं से अपील की है कि वह भवन निर्माण के समय ग्रीन नेट का उपयोग पूरी तरह से सुनिश्चित करें और शहर में वायु गुणवत्ता सुधार हेतु निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों में सहयोग करें अन्यथा निगम प्रशासन द्वारा निरंतर सख्त कार्यवाही की जायेगी।*

## हमारे शहर की सड़कों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी-निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा है कि हमारे शहर की सड़कों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमारी है, ऐसे में डामर की सड़कों पर होलिका दहन किया जाता है तो उससे डामर की सड़कें खराब हो जाती हैं और करदाताओं के साथ नगर निगम व अन्य एजेंसियों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ता है। नगर निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने हाल ही में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के आयोजन के समय करोड़ों रूपये की लागत से निर्मित की गई शहर की सड़कों की चिंता करते हुए उक्त विचार व्यक्त किये साथ ही शहर के प्रबुद्धजन से आव्हान किया कि अपने शहर की सड़कों को दुरूस्त रखने के लिए डामर की सड़कों के स्थान पर आसपास के अन्य कच्चे स्थानों पर परंपरागत रूप से होली जलायें। सूर्यवंशी ने इस संबंध में नगर निगम आयुक्त को भी पत्र लिखकर शहर की सड़कों की सुरक्षा के दृष्टिगत अन्य वैकल्पिक स्थानों पर होलिका दहन की व्यवस्था करने को कहा है।नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने शहर की सड़कों की सुरक्षा की चिंता करते हुए नगर निगम आयुक्त को पत्र प्रेषित किया है, जिसके अनुसार ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025 के आयोजन के दौरान करोड़ो रूपये का व्यय कर भोपाल के सभी क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कार्य कराया गया है जिससे भोपाल शहर की खूबसूरती में और अधिक वृद्धि हुई है। सूर्यवंशी ने पत्र में लिखा है कि आगामी 13 मार्च 2025 को होलिका दहन किया जायेगा। होलिका दहन हेतु शहर के सभी क्षेत्रों के रहवासियों द्वारा सड़कों पर डंडा गड़ाया जाकर होलिका दहन किया जाता है, इस प्रक्रिया के कारण डामर की सड़के बहुत जल्दी क्षतिग्रस्त हो जाती हैं और सड़कों के क्षतिग्रस्त होने से आम करदाताओं को टैक्स के रूप में सरकार को दी गई राशि का नुकसान होता है।

## "राष्ट्रीय शोधार्थी समागम" भारतीय दृष्टि से शोध एवं अनुसंधान की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा : उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार

### भारत के पुनरुत्थान के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान की पहल विषयक तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोधार्थी समागम का शुभारंभ



भोपाल (आरएनएस)। कृतज्ञता का भाव, भारत की सभ्यता एवं विरासत है और भारतीय ज्ञान परम्परा का अभिन्न अंग है। हमारे पूर्वजों ने प्रकृति, नदियों एवं सूर्य सहित समस्त ऊर्जा स्रोतों के संरक्षण के लिए, कृतज्ञता भाव से समृद्ध परम्पराओं को स्थापित किया था। भारत का ज्ञान, ज्ञान परम्परा एवं मान्यता के रूप में भारतीय समाज में सर्वत्र विद्यमान है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर, भारतीय समाज में परंपराएं एवं मान्यताएं स्थापित हुई हैं। हर विधा-हर क्षेत्र में विद्यमान भारतीय ज्ञान को युगानुकुल परिप्रेक्ष्य में नए सन्दर्भों में, पुन: शोध एवं अनुसंधान कर वर्तमान वैश्विक आवश्यकतानुरूप दस्तावेजीकरण करने की आवश्यकता है। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शनिवार को दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान भोपाल के तत्वावधान में मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के डॉ. जगदीश चंद्र बसु सभागृह में आयोजित "भारत के पुनरुत्थान के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान की पहल" विषयक तीन दिवसीय"राष्ट्रीय शोधार्थी समागम" के शुभारंभ सत्र में कही। मंत्री श्री परमार ने कहा कि शोधार्थियों को समाज के प्रश्नों का समाधानकारक शोध करने की आवश्यकता है। शोधार्थियों के शोध का प्रभाव, समाज के दृष्टि पटल पर परिलक्षित होना चाहिए। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने "राष्ट्रीय शोधार्थी समागम" के आयोजन एवं सफलता के लिए आयोजकों एवं सहभागियों को शुभकामनाएं दीं। श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसरण में भारत केंद्रित शिक्षा के लिए यह समागम उपयोगी होगा। यह समागम, प्रदेश के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में शोध एवं अनुसंधान के लिए अभिप्रेरक बनेगा। श्री परमार ने कहा कि "राष्ट्रीय शोधार्थी समागम" भारतीय दृष्टि से शोध एवं अनुसंधान की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

# जेसी मिल मजदूरों का सपना होगा साकार, जल्द मिलेगा हक : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

## स्वच्छता में माँ लक्ष्मी का वास, इसलिये शहर को बनाये स्वच्छता में नंबर वन




ग्वालियर (ए.) ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शनिवार को उपनगर ग्वालियर के वार्ड 16 में प्रस्तावित निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने ग्वालियर को स्वच्छ, सुन्दर, प्रदूषण मुक्त और नशा मुक्त बनाने पर जोर दिया। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि जेसी मिल मजदूरों का हक जल्द मिलेगा।ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि जहां स्वच्छता होती है, वहां लक्ष्मी का वास होता है। आज इंदौर स्वच्छता में नंबर वन है और यही वजह है कि वहां मां लक्ष्मी की कृपा बरस रही है। हमें ग्वालियर को स्वच्छता में नंबर एक बनाना है। उन्होंने कहा कि जल्द ही जेसी मिल के मजदूरों का सपना साकार होने जा रहा है। उन्हें उनका हक मिलेगा।ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बिरला नगर में 100 बिस्तर वाले प्रसूति गृह के शीघ्र निर्माण कार्य पूरा होने की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यहां जल्दी ही बाउंड्री वॉल बनाई जाएगी और इस मैदान का उपयोग गरीब परिवारों के विवाह समारोह आदि के लिए किया जाएगा। साथ ही ओपन जिम बनाने की भी योजना है। इससे हमारे नौजवान स्वस्थ रहेंगे। मंत्री श्री तोमर ने बताया कि अब रेशम मिल इलाके में पानी की किल्लत नहीं रही है। आज स्थितियां बदल गई हैं। इस क्षेत्र में स्कूल भी बनकर तैयार हो गया है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड 16 में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। उन्होंने रेशम मिल चौराहे पर 8 लाख की लागत से निर्मित सीसी रोड, रेशम मिल क्षेत्र में पानी की टंकी के नीचे 12 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली सीसी रोड और तिकोनिया पार्क न्यू कॉलोनी नम्बर-1 में 6.50 लाख की लागत से निर्मित होने वाली गलियों के निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया।

# खंडवा जिले को 'जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया

खंडवा (आरएनएस)। जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। इस आदेश के अनुसार अब बिना अनुमति के कोई भी व्यक्ति निजी तौर पर बोरिंग और नलकूप खनन नहीं करवा सकेगा। हालांकि, सरकारी काम के लिए नलकूप खनन पर प्रतिबंध लागू नहीं होगा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि निजी ड्रिलिंग मशीनों के वाहनों का जिले के भीतर की सीमा में आवागमन बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। बिना अनुमति के नलकूप खनन करने पर दोषी व्यक्ति को दो साल तक की जेल और दो हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया जाएगा। खंडवा शहर एवं तहसील के लिए नलकूप की स्वीकृति एसडीएम खंडवा की ओर से दी जाएगी। इसके अलावा तहसील पुनासा व मूंदी के लिए एसडीएम पुनासा, तहसील हरसूद, किल्लोद व खालवा के लिए एसडीएम हरसूद, तहसील पंधाना व छैगांवमाखन के लिए एसडीएम पंधाना द्वारा परमिशन दी जाएगी।

## मुंहबोले रिश्तेदार और उसके साथी ने शराब पिलाकर युवती के साथ किया दुष्कर्म



विदिशा (आरएनएस)। जिले के लटेरी थाना क्षेत्र में एक 19 वर्षीय युवती के साथ उसके मुंहबोले रिश्तेदार और उसके साथी ने दुष्कर्म किया था। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।घटना 27 फरवरी 2025 की सुबह करीब 11 बजे की है। पीड़िता जब घर के पास की दुकान पर सामान लेने गई थी, तब वहां उसका मुंहबोला रिश्तेदार मिला। वह उसे एक दालान में ले गया, जहां पहले से ही उसका साथी गौतम वंशकार शराब लेकर मौजूद था। गौतम ने युवती को जबरन शराब पिलाई, इसके बाद उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया।पीड़िता ने घर जाकर अपने परिवार को घटना की जानकारी दी। इसके पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने महिला उपनिरीक्षक गोसिया सुल्तान को जांच सौंपी। दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। लटेरी पुलिस ने विशेष टीम बनाकर चैनपुरा के जंगल से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें उप-जेल लटेरी भेज दिया गया। यह कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी, एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे और एसडीओपी लटेरी अजय मिश्रा के निर्देशन में की गई।

# रील बनाने के लिए भगवान की प्रतिमा पर बैठकर सिगरेट पी,लोगों ने लाठी-डंडों से पीटा



उज्जैन (आरएनएस)। रील बनाने के लिए एक कथित अघोरी भगवान की प्रतिमा पर चढ़ गया। प्रतिमा के ऊपर बैठकर सिगरेट पीने लगा। इस घटना के बाद लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में वह नाक रगड़कर माफी मांगता नजर आया।ये घटना शुक्रवार को उज्जैन के चक्रतीर्थ श्मशान घाट स्थित विक्रांत भैरव मंदिर की है। इसका वीडियो भी सामने आया है। आरोपी अघोरी का नाम यशवंत है। वीडियो में दिख रहा है कि अघोरी भगवान विक्रांत भैरव की प्रतिमा के पास बैठा सिगरेट पी रहा है। उसने अपनी आंखों पर काला चश्मा लगा रखा है। सिर पर काली पगड़ी बांध रखी है और पैरों में घुंघरू भी बंधे हैं। वह उठकर भगवान की प्रतिमा के ऊपर बैठ जाता है और सिगरेट पीने लगता है। वीडियो सामने आने के बाद श्मशान में रहने वाले बाबा बम बम नाथ महाराज के शिष्यों ने आरोपी को पकड़ लिया। पहले डंडों से, फिर लात-घूंसों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान वह सड़क पर गिर पड़ा। लोगों में गुस्सा इस कदर था कि आरोपी को लगातार पीटते रहे।बताया जा रहा है कि आरोपी अघोरी प्रयागराज महाकुंभ में भी सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रहा है।जमकर हुई पिटाई के बाद आरोपी अघोरी को अपनी गलती का अहसास हुआ। उसने श्मशान में रहने वाले बाबा बम बम नाथ के पैर पकड़कर माफी मांगी।

# अस्पताल में डिलीवरी के बाद पांच महिलाएं बेसुध

रीवा (आरएनएस)। गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल में डिलीवरी के बाद पांच महिलाओं की अचानक तबीयत बिगड़ गई। सभी का शुक्रवार को ऑपरेशन हुआ, शनिवार सुबह वे बेसुध हो गईं। दो की हालत गंभीर है, उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है। अस्पताल प्रशासन का कहना है ये दवा का साइड इफेक्ट हो सकता है। हालांकि, सभी महिलाएं फिलहाल खतरे से बाहर हैं। वहीं, महिलाओं के परिजन का कहना है कि वे हाथ-पैर भी हिला नहीं पा रही हैं। पूरी तरह से शून्य हो गई हैं। महिलाओं के परिवार वाले काफी परेशान हैं। शाहिद अली ने बताया, भतीजी का ऑपरेशन हुआ था। डिलीवरी के बाद सब कुछ ठीक था, लेकिन सुबह से वह बेसुध पड़ी है। कुछ बोल नहीं रही। बाकी महिलाओं की भी यही हालत है।चुरहट से आए अंबुज गुप्ता ने बताया कि उनकी पत्नी ऑपरेशन के बाद ठीक थी, लेकिन अब पूरी तरह शून्य हो गई हैं, हाथ-पैर तक नहीं हिला पा रहीं। अस्पताल में इस घटना से हड़कंप मच गया है। डॉक्टरों की टीम जांच कर रही है कि यह किसी दवा का साइड इफेक्ट है या कोई अन्य कारण जिम्मेदार है।

# लश्कर क्षेत्र की बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार जारी रहेगा : मंत्री श्री कुशवाह

## वार्ड - 49 की विभिन्न बस्तियों में कन्याओं से कराया सड़कों का भूमि पूजन

ग्वालियर(आरएनएस)। लश्कर क्षेत्र की बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार जारी रहेगा। इसके लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शहरों की पिछड़ी बस्तियों के विकास के लिए लगातार धन उपलब्ध करा रही है। यह बात उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कही। श्री कुशवाह शनिवार को शहर के वार्ड - 49 की विभिन्न बस्तियों की गलियों में सड़क निर्माण कार्यों का भूमि पूजन करने पहुँचे थे। मंत्री श्री कुशवाह ने इस अवसर पर कन्या पूजन किया और कन्याओं से ही सड़कों का भूमि पूजन कराया। कायाकल्प योजना के तहत वार्ड-49 में स्थित लश्कर क्षेत्र के अंतर्गत मुड़कटो



बीजासेन माता मंदिर, काला सैयद तारागंज, हारकोटा सीर व हरिअन्ना की पायगा क्षेत्र की गलियों में लगभग 52 लाख रुपये की लागत से यह सड़के बनाई जायेंगी। सड़कों के भूमि पूजन कार्यक्रम में भगतजी प्रेम नारायण झा तथा सतीश बोहरे, रमेश सेन व नरेश पुरूषवानी सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## व्यापार समाचार

# सेविंग अकाउंट के इन नियमों को ना करें इग्नोर, वरना भरनी होगी भारी पेनाल्टी



नई दिल्ली (आरएनएस)। क्या आप जानते हैं कि बचत खातों में नकद जमा और निकासी के संबंध में आयकर विभाग द्वारा कुछ विशेष नियम बनाए गए हैं? अगर इन नियमों का पालन नहीं किया जाता है, तो आपको दंड का सामना करना पड़ सकता है या अधिकारियों द्वारा पूछताछ भी की जा सकती है. किसी भी अनजाने में हुई गलतियों से बचने के लिए इन नियमों को समझना आवश्यक है.

अगर आपके पास बचत खाता है, तो यह यूपीआई जैसे डिजिटल लेन-देन से जुड़ा हुआ है. हालांकि इन खातों में नकद जमा और निकासी की अनुमति है. लेकिन उच्च-मूल्य वाले नकद लेन-देन की निगरानी के लिए आयकर अधिनियम के तहत सीमाएं और शर्तें निर्धारित की गई हैं. इन नियमों का उद्देश्य मनी लॉन्ड्रिंग, कर चोरी और अन्य अवैध वित्तीय गतिविधियों को रोकना है.

यदि आप एक वित्तीय वर्ष में 10 लाख रुपये या उससे अधिक जमा करते हैं, तो लेन-देन की सूचना आयकर विभाग को दी जानी चाहिए. यह रिपोर्टिंग अधिकारियों को संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाने के लिए बड़े नकदी प्रवाह को ट्रैक करने में मदद करती है.चालू खातों के लिए, सीमा अधिक है, एक वित्तीय वर्ष में 50 लाख रुपये से अधिक जमा करने पर आयकर विभाग को रिपोर्ट करना आवश्यक है. हालांकि इन जमाओं पर तुरंत कर नहीं लगता है, लेकिन वित्तीय संस्थानों को इन सीमाओं से ऊपर के लेन-देन की रिपोर्ट करना कानूनी रूप से बाध्य है.

अगर आप एक वित्तीय वर्ष में अपने बचत खाते से 1 करोड़ रुपये से अधिक निकालते हैं, तो 2 फीसदी टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) लागू होगा.अगर आपने पिछले तीन वर्षों से आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल नहीं किया है, तो टीडीएस दर सख्त है.

## बाजार जोखिमों से बचने के लिए इक्विटी डेरिवेटिव का इस्तेमाल कर सकेंगी बीमा कंपनियां

नई दिल्ली(आरएनएस)। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने शुक्रवार को नए दिशा-निर्देश जारी किए, जिनमें बीमा कंपनियों को अपने इक्विटी निवेशों को हेज करने के लिए इक्विटी डेरिवेटिव का इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई है।इस कदम का उद्देश्य बीमा कंपनियों को अपने पोर्टफोलियो वैल्यू का संरक्षण सुनिश्चित करते हुए बाजार की अस्थिरता से अपने निवेशों की रक्षा करने में मदद करना है।वर्तमान में, बीमा कंपनियों को रुपये के ब्याज दर डेरिवेटिव जैसे फॉरवर्ड रेट एग्रीमेंट, ब्याज दर स्वैप और एक्सचेंज-ट्रेडेड ब्याज दर फ्यूचर में व्यापार करने की अनुमति है। उन्हें सुरक्षा खरीदारों के रूप में क्रेडिट डिफॉल्ट स्वैप में भी सौदा करने की अनुमति है। हालांकि, बीमा कंपनियों द्वारा शेयर बाजार में तेजी से निवेश किए जाने के साथ, नियामक ने शेयर की कीमतों में उतार-चढ़ाव से उत्पन्न होने वाले जोखिमों का प्रबंधन करने के लिए इक्विटी डेरिवेटिव के माध्यम से हेजिंग की अनुमति देने की जरूरत महसूस की।

# देश की प्रमुख इंडस्ट्रीज की वृद्धि दर जनवरी में 4.6 प्रतिशत रही

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश की आठ प्रमुख इंडस्ट्रीज के संयुक्त सूचकांक में सालाना आधार पर



जनवरी 2025 में 4.6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी किए गए आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।आंकड़ों के मुताबिक, सीमेंट, रिफाइनरी उत्पादों, कोयला, स्टील, फर्टिलाइजर और इलेक्ट्रिसिटी में साकारात्मक वृद्धि देखी गई है।इन आठ मुख्य इंडस्ट्री की औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में हिस्सेदारी 40.27 प्रतिशत है।

चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से जनवरी की अवधि में आठ प्रमुख इंडस्ट्रीज के संयुक्त सूचकांक की संचयी वृद्धि दर पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 4.4 प्रतिशत पर रही है।जनवरी में कोयला उत्पादन पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 4.6 प्रतिशत बढ़ गया, जबकि इसका संचयी सूचकांक अप्रैल से जनवरी 2024-25 तक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6 प्रतिशत बढ़ा है।पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन, जिसका सूचकांक में भार 28.04 प्रतिशत है, जनवरी 2025 में जनवरी 2024 की तुलना में 8.3 प्रतिशत बढ़ गया है।

# भारत का मजबूत प्रदर्शन 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए सुधारों को लागू करने का दे रहा अवसरः आईएमएफ

संयुक्त राष्ट्र, (आरएनएस)। भारत की विवेकपूर्ण नीतियों की सराहना करते हुए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के कार्यकारी बोर्ड ने कहा है कि देश का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए महत्वपूर्ण सुधारों को अपनाने में मदद कर सकता है।

आईएमएफ द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया, भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने के लिए जरूरी अहम और चुनौतीपूर्ण संरचनात्मक सुधारों को लागू करने में मदद कर सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आजादी के सौ साल पूरे होने की समय सीमा तय की है।

रिपोर्ट में आईएमएफ के कार्यकारी निदेशकों ने भारतीय अधिकारियों की विवेकपूर्ण व्यापक आर्थिक नीतियों और सुधारों की सराहना की, जिन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और एक बार फिर सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाने में योगदान दिया है।

रिपोर्ट में बताया गया कि भारत के वित्तीय क्षेत्र का स्वास्थ्य, मजबूत कॉरपोरेट बैलेंसशीट और अच्छा डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर दर्शाता है कि देश की वृद्धि दर मध्यम अवधि में तेज रहेगी। साथ ही जनकल्याण की योजनाएं भी जारी रहेंगी।

रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया कि भू-आर्थिक विखंडन और धीमी घरेलू मांग से उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करते हुए, व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए उचित नीतियां जारी रखना आवश्यक है।

## क्रुट्रिम से एक साल में बाहर हो गए कई अधिकारी-कर्मचारी, रिपोर्ट में किया दावा

नईदिल्ली,(आरएनएस)। ओला समूह की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनी क्रुट्रिम में पिछले एक साले अधिकारी-कर्मचारियों के जाने का सिलसिला लगा हुआ है।

इनमें नेतृत्व की भूमिका में रहे कम से कम आधा दर्जन अधिकारियों और एक दर्जन से अधिक अन्य कर्मचारियों की विदाई हुई है।

अधिकांश स्टॉफ मार्च और नवंबर, 2024 के बीच हुए बाहर हुआ है। इनमें से कुछ ने फर्म में शामिल होने के एक साल के भीतर नौकरी छोड़ दी, जबकि कुछ पिछले महीनों में बाहर हुए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, क्रुट्रिम छोड़ने वाले अधिकारियों में प्रोडक्ट उपाध्यक्ष विपुल शाह, एआई इंजीनियरिंग के प्रमुख के उपाध्यक्ष गौतम भार्गव और मशीन लर्निंग के निदेशक सम्राट साहा शामिल हैं।

इसके अलावा उत्पाद प्रबंधन के निदेशक अचल कुमार मॉल, उत्पाद प्रबंधन के वरिष्ठ निदेशक मिखिल राज और उपाध्यक्ष अशोक जगन्नाथन भी चले गए हैं।

नेतृत्व की भूमिका में रहने वाले इन अधिकारियों में से अधिकांश ने पिछले साल मार्च से नवंबर के बीच नौकरी छोड़ी है।

कंपनी के एक अधिकारी के हवाले से रिपोर्ट में बताया है कि 7 अधिकारियों में से शाह, भार्गव और जैन वरिष्ठ प्रबंधन स्तर से थे, बाकी जूनियर से लेकर मध्य प्रबंधन स्तर तक के थे।

सूत्रों ने पिछले साल रिपोर्ट दी थी कि मई, 2023 में ओला इलेक्ट्रिक के बिजनेस हेड रूप में लगाए गए रवि जैन ने कंपनी छोड़ दी थी।

जैन के लिंक्डइन अकाउंट से पता चला है कि उन्होंने नवंबर में नौकरी छोड़ दी थी।




*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नई दिल्ली में 49वें सिविल लेखा दिवस समारोह के दौरान श्रोताओं को संबोधित करती हुई.*

## OMG! वैलेंटाइन डे पर पति ने गिफ्ट की लग्जरी पोर्श कार, पत्नी ने ठुकराया तो कूड़ेदान में फेंक दी गाड़ी

मॉस्को (ए.)। रूस के मॉस्को के पास मायटिश्ची शहर में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक व्यक्ति ने वैलेंटाइन डे पर अपनी पार्टनर को 96 लाख रुपये से डेढ़ करोड़ रुपये की लग्जरी पोर्श मैकन कार उपहार में दी, लेकिन महिला ने इसे लेने से इनकार कर दिया। गुस्से में आकर शख्स ने उस महंगी गाड़ी को ही कूड़ेदान में फेंक दिया। यह अनोखी घटना सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और लोगों को आश्चर्यचकित कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वैलेंटाइन डे पर एक रूसी व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ रिश्तों को सुधारना चाहता था, इसलिए उसने उन्हें एक नई पोर्श मैकन कार गिफ्ट करने का फैसला किया। हालांकि, पत्नी ने इस महंगे उपहार को प्यार की निशानी मानने के बजाय इसे अपमान के रूप में लिया और कार लेने से साफ इनकार कर दिया।

# होली से पहले जनता को झटका, गैस सिलेंडर के दाम में वृद्धि



नईदिल्ली, (आरएनएस)। सरकारी तेल कंपनियों ने जनता को झटका दिया है. हर महीने की तरह शनिवार को कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर के दाम अपडेट कर दिए हैं. जो आज से लागू हो गए हैं. जानकारी के मुताबिक 19 किग्रा. वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि की है. बता दें, होली से पहले कंपनियों ने 6 रुपये की बढ़ोत्तरी की है. घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है.देश के चारों महानगरों दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई तक 19 किग्रा. वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में 6 रुपये तक की वृद्धि हुई है. अगर तेल कंपनी इंडियन ऑयल की वेबसाइट पर एक नजर डालें तो साल 2023 में सबसे ज्यादा 352 रुपये की वृद्धि हुई थी. पिछले महीने की बात करें तो फरवरी में 7 रुपये की कटौती की गई थी.

सरकारी तेल कंपनियों की वेबसाइट के मुताबिक राजधानी दिल्ली में 19 किग्रा. वाले कमर्शियल सिलेंडल के नए दाम 1803 रुपये हो गए हैं. पिछले महीने तक यही सिलेंडर 1797 रुपये में उपलब्ध था. वहीं, मायानगरी मुंबई में यही सिलेंडर 1755.50 रुपये में बिक रहा है. फरवरी में यही 19 किग्रा. वाला सिलेंडर 1749.50 रुपये में मिलता था. कोलकाता की बात करें तो यह सिलेंडर 1913 रुपये का हो गया है, जो पहले 1907 रुपये में था. चेन्नई की बात करें तो कमर्शियल गैस सिलेंडर के नए दाम 1965.50 रुपये हो गए हैं, जो पहले 1959 रुपये का था.सरकारी तेल कंपनियों ने 14 किग्रा. वाले घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में कोई परिवर्तन नहीं किया है. उसके दाम पिछले साल अगस्त से नहीं बदले हैं. दिल्ली में यह सिलेंडर करीब 903 रुपये में बिक रहा है. मुंबई में इसकी कीमत 802.50 रुपये है. कोलकाता में यही सिलेंडर 829 रुपये में बेचा जा रहा है. वही, चेन्नई में 818.50 रुपये में बिक रहा है.

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## जल की गुणवत्ता संबंधी विवाद गंभीर

धार्मिक आस्था अक्सर तथ्यों और तर्कों से ऊपर होती है। बेशक, इसमें किसी को दखल नहीं देना चाहिए। मगर संभावित जोखिम के प्रति आगाह करना सरकारों, खास कर स्वायत्त प्रशासनिक एजेंसियों का कर्त्तव्य एवं उत्तरदायित्व दोनों ही है। प्रयागराज में गंगा जल की गुणवत्ता संबंधी विवाद गंभीर है। इसमें मुख्य मुद्दा पर्यावरण की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने वाली भारत की सर्व-प्रमुख एजेंसी की केंद्रीय और उत्तर प्रदेश इकाई के बीच मतभेद का है। प्रश्न है कि ये एजेंसियां सभी स्तरों पर स्वायत्त ढंग से काम करती हैं, या ये सत्ताधारी दलों के सियासी एजेंडे से प्रभावित भी हो जाती हैं? स्वागतयोग्य है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने इसे गंभीरता से लिया है और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) से जवाब तलब किया है। पूछा है कि क्या यूपीपीसीबी की गंगा जल की स्वच्छता संबंधी रिपोर्ट केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के निष्कर्षों के विपरीत थी। सीपीसीबी लगातार पांच दिन के नमूनों की जांच के बाद इस नतीजे पर पहुंचा कि संगम का पानी पीने और नहाने योग्य नहीं है। फिर भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया है कि ये पानी नहाने और आचमन दोनों के योग्य है।

इसके पक्ष में उन्होंने यूपीपीसीबी की रिपोर्ट का हवाला दिया। अब एनजीटी ने सीपीसीबी की रिपोर्ट की रोशनी में यूपीपीसीबी से जल की गुणवत्ता के बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

सीपीसीबी के मुताबिक कई स्थानों पर गंगा में फेकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया मान्य स्टैंडर्ड से 1400 गुना और यमुना में 660 गुना ज्यादा मिला। 19 जनवरी को तो हर 100 मिलीलीटर में ये मात्रा सात लाख अधिकतम संभव संख्या (एमपीएन) तक पहुंच गई, जबकि इसे 500 के अंदर होना चाहिए। इस रूप में संगम का पानी नहाने योग्य जल के लिए तय प्रतिमान पर खरा नहीं उतरता। तो जाहिर है, लोगों ने वहां अपनी सेहत के लिए भारी जोखिम लेकर स्नान किया। धार्मिक आस्था अक्सर तथ्यों और तर्कों से ऊपर होती है। बेशक, इसमें किसी को दखल नहीं देना चाहिए। मगर संभावित जोखिम के प्रति आगाह करना सरकारों, खास कर स्वायत्त प्रशासनिक एजेंसियों का कर्त्तव्य एवं उत्तरदायित्व दोनों ही है। कोई सरकार अपने सियासी तकाजों के तहत इससे मुंह मोड़ भी रही हो, तो एजेंसियों को ऐसा कतई नहीं नहीं करना चाहिए। आशा है, इस मामले में एनजीटी बिना किसी दबाव से प्रभावित हुए बेहतरीन मिसाल कायम करेगा।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके जन्मदिन के अवसर पर पटना में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा बधाई दी गई।

# कांग्रेसजनों को अनुशासित कर पायेंगे हरीश चौधरी ?

**अरुण पटेल**

2023 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश में कांग्रेस के तेजी से खिसकते जनाधार को लेकर उसका चिंतित होना स्वाभाविक है, क्योंकि यहां पर उसका मजबूत जनाधार रहा है और भाजपा व कांग्रेस के बीच मतों का अन्तर भी कुछ अपवादों को छोड़कर काफी कम रहता आया है। इस समय लोकसभा में कांग्रेस का मध्यप्रदेश से कोई सांसद नहीं है। दो चुनावी पराजयों ने उसे आत्मावलोकन के लिए संभवत: मजबूर कर दिया है और यही कारण है कि प्रदेश में प्रभारी में भी अचानक बदलाव कर दिया गया है और राजस्थान के कांग्रेस नेता हरीश चौधरी को अब यह जिम्मेदारी दी गयी है कि वह मध्यप्रदेश में सूखती कांग्रेस की जमीन को हरा-भरा व उर्वरा करें, हालांकि यह आसान काम नहीं है क्योंकि केन्द्र व राज्य दोनों में ही भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं और मध्यप्रदेश तथा देश में उसका मजबूत संगठन है। चूंकि यहां डेढ़ साल के अंतराल को छोड़कर 2003 से भाजपा की ही सरकार रही है इसलिए देखने वाली बात यही होगी कि क्या हरीश चौधरी यहां कुछ गुल खिला पायेंगे और कांग्रेसजनों को अनुशासित करने में वे कितने सफल होंगे।

बतौर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बैठक में कहा है कि अनुशासन उनकी पहली प्राथमिकता होगी क्योंकि संगठन को मजबूत बनाना है, इसके लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा। प्रदेश प्रभारी बनाये जाने के बाद अपने पहले राजधानी प्रवास में उन्होंने प्रदेश पदाधिकारियों और राजनीतिक मामलों की समिति के सदस्यों से अलग-अलग चर्चा की, यह चर्चा लगभग चार घंटे तक चली। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे प्रदेश के लिए एक छात्र की तरह हैं, उन्हें यहां के बारे में कुछ भी पता नहीं, पार्टी प्रदेश के लिए जो भी तय करेगी उसका अनुसरण करेंगे। प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच सहयोगी की भूमिका में रहूंगा और मिशन मध्यप्रदेश के लिए काम करुंगा। उन्होंने अपने इस इरादे को भी साफ कर दिया कि वे पार्टी की मजबूती के लिए लगातार प्रदेश में प्रवास करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि मैं नेहरुवादी हूं, मेरे शब्द व मेरी समझ में कोई अन्तर नहीं है। भाजपा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश रहती है कि कांग्रेस को खंड-खंड करें, लेकिन ऐसा नहीं हो पायेगा। उल्लेखनीय है कि इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री द्वय कमलनाथ और दिग्विजय सिंह तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे अरुण यादव नहीं आये, लेकिन नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, कांतिलाल भूरिया, सज्जन सिंह वर्मा व पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने बैठक में हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने की।

**काम के पदाधिकरी बना पायेंगे हरीश ?**

हरीश चौधरी ने अपने प्रवास में इस बात पर जोर दिया कि पदाधिकारी नाम के नहीं बल्कि काम के होने चाहिए। चुनाव और सत्ता में आने पर आगे-आगे जो लोग नजर आते हैं वे अक्सर संघर्ष के दिनों में गुम हो जाते हैं। अब ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाये और आगे बढ़ाया जाये जो पार्टी की विचारधारा के प्रति समर्पित हैं और संगठन को मजबूत बनाने के लिए काम करना चाहते हैं। कहने और सुनने में यह बात बड़ी अच्छी लगती है लेकिन ऐसा करना आसान नहीं होगा, क्योंकि अनेक कांग्रेस नेताओं की अपनी-अपनी ढपली और अपना-अपना राग है, इन सभी को एक सुर में बांध पाना हरीश चौधरी के लिए कहां तक संभव होगा यह देखने वाली बात होगी, क्योंकि 18 साल से अधिक के सत्ता के सूखे ने अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपनी सुविधानुसार नए रिश्ते बनाने का रास्ता दे दिया था। ऐसे लोगों को फिर से हरीश चौधरी कैसे राह पर लाते हैं यही उनकी नेतृत्व क्षमता की कसौटी होगी। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने पर जोर दिया है। चुनावी राजनीति में वही पार्टी और उम्मीदवार बाजी मार लेता है जिसकी बूथों पर मजबूत पकड़ होती है। जिले के प्रभारियों व जिला अध्यक्षों के साथ भी चौधरी ने चर्चा की और उनसे संगठन की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। हरीश चौधरी का इस बात पर विशेष जोर था कि सरकार की जन-विरोधी नीतियों के विरुद्ध जन-आंदोलन किया जाये और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाया जाये। यह भी निर्णय किया गया कि कांग्रेस कार्यकर्ता प्रत्येक जिले व विकासखंड स्तर पर आम जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को उठायेंगे और सरकार की असफलताओं को उजागर करेंगे। यह काम इतना आसान नहीं है क्योंकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनता और मैदान से कटकर नेताओं के ड्राइंग रुम तक अपने को सीमिति कर लिया है। चौधरी का कहना था कि महंगाई, बेरोजगारी, किसान और आदिवासी हितों, महिला सुरक्षा और लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर आने वाले दिनों में आंदोलन किए जायेंगे। जनता के बीच कांग्रेस की नीतियों को मजबूती से रखा जायेगा। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का कहना था कि कांग्रेस जनता की आवाज बनकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ेगी।

**और यह भी**

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी जिलों मे दौरा करके पार्टीजनों से सीधा संवाद करेंगे और हालात का जायजा लेंगे। प्रवास के दौरान बूथ स्तर पर बैठकें होगी, जिनमें कार्यकर्ताओं के फीडबैक के आधार पर संगठन की नब्ज टटोली जायेगी। विधानसभा स्तरीय बैठकें भी होंगी जिनमें पार्टी के विधायक, पूर्व विधायक, जिला पदाधिकारी हिस्सा लेंगे जिनसे जिलों में संगठन की गतिविधि को लेकर फीडबैक लिया जायेगा। इसके निष्कर्ष ही जिला व ब्लाक इकाइयों में प्रस्तावित परिवर्तन का आधार बनेंगे। देखने वाली बात यही होगी कि क्या पूरी पारदर्शिता के साथ हरीश चौधरी अपने काम और इरादों को अंजाम दे पायेंगे।

# गृहमंत्री शाह और कैलाश विजयवर्गीय की स्टेट हैंगर पर हुई परस्पर भेंट आई चर्चा में

**-मायने तलाशती एक मुलाकात**
**-शाह से विजयवर्गीय की एकांत बातचीत ने प्रदेश में बढ़ाई राजनीतिक जिज्ञासा**
**-ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन पर आए शाह को लौटते वक्त अचानक याद आये कैलाश**
**-शाह बिदा होते होते रुके, विजयवर्गीय को फोन कर बुलाया, सीहोर से लौटकर विमानतल पहुँचे कैलाश**
**-प्रदेश अध्यक्ष की चल रही कसरत के बीच शाह-विजयवर्गीय मुलाकात अहम**
**-सीएम से रिश्तों से लेकर सरकार से फिर संगठन में विजयवर्गीय के लौटने से जुड़ी मुलाकात**

नितिनमोहन शर्मा

शाह और विजयवर्गीय के बीच की आत्मीयता किसी से छुपी नही हुई हैं। ये आत्मीयता आज कल की भी नही। ये शाह के गुजरे गुजरात दौर के वक्त से जुड़ी हुई हैं। उस कठिन दौर का रिश्ता अब अनुकूल हालातों में भी उसी गर्मजोशी से निभाया जा रहा हैं, जैसा बुरे दौर में था। ये विजयवर्गीय के 10 बरस दिल्ली में गुजरने से स्पष्ट भी होता हैं। जितने वक्त प्रदेश की सत्ता ने विजयवर्गीय को दूर रखा, उतने ही वक्त इसी रिश्ते ने दिल्ली में विजयवर्गीय को बनाये रखा। कद बनाये व बढ़ाए रखा। उसी आत्मीयता की एक झलक स्टेट हैंगर पर झलक आई और खबरों का बाज़ार गर्म हो गया। अमित शाह ने विजयवर्गीय को स्टेट हैंगर पर बुलाया और अकेले में बात की...इस एक लाइन ने प्रदेश में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बराबर की चर्चा पा ली है। सब तरफ उस 20 मिनट के चर्चे है, जो दोनों नेताओं ने बन्द कमरे में गुजारे। मुलाकात हुई, कुछ बात हुई, ये बात किसी से न कहना कि तर्ज पर दर्ज हो गई। लेकिन् इस ख़ामोश मुलाकात ने प्रदेश भाजपा की राजनीतिक गलियारों में शोर बहुत मचा रखा हैं। दो दिन होने आए मुलाकात के लेकिन् शोर खत्म होने की बजाय बढ़ता ही जा रहा हैं।

...तिजारती मेल-मुलाकात वाले समागम और माहौल में हुई एक राजनीतिक मुलाकात पूरे निवेश कुंभ पर भारी पड़ गई। राज्य में कितना निवेश आया, कितने प्रस्ताव बने, किस सेक्टर में निवेशकों ने रुचि दिखाई, इससे ज़्यादा चर्चा इस राजनीतिक मुलाकात की हो रही हैं। जबकि समिट का अगला दिन, निवेश की चर्चाओं का रहता है लेकिन मध्यप्रदेश में इसके उलट राजनीतिक चर्चाओं का बाज़ार गर्म हो गया। निवेश कुंभ के समापन और इस मुलाकात को हुए दो दिन हो गए, पर इस पर चर्चा, कयास, समीकरण 25 से 27 फ़रवरी तक यथावत हैं। कुछ ठोस फिर् भी सामने नही आ रहा हैं। लेकिन मायने तलाशती इस मुलाकात ने प्रदेश भाजपा के अंदर चल रही उठापटक का खुलासा तो कर ही दिया हैं। ये भी साफ़ कर दिया कि , सरकार के रिश्ते अपने अधीनस्थों से वैसे नही, जैसे गर्मजोशी से पूर्व हुआ करते थे।

मायने तलाशती ये मुलाकात देश के गृहमंत्री अमित शाह और प्रदेश भाजपा के कद्दावर नेता, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बीच हुई थी। ये मुलाकात सामान्य न थी। लिहाजा चर्चा में हैं। मुलाकात के तौर तरीकों ने इसे चर्चा में ला दिया। ये मुलाकात ऐसे समय हुई जब शाह, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन सत्र को खत्म कर भोपाल से बिदा ले रहे थे। विमानतल पर पहुँचे वे तो उन्हें बिदा करने आये नेताओ में विजयवर्गीय नजर् नही आये। जबकि वे समिट मंच पर थे। स्टेट हैंगर पर निवेश से जुड़े महकमे के वरिष्ठ मंत्री को न पा कर गृहमंत्री ने विजयवर्गीय का पूछा। उन्हें ये तो बताया गया कि वे इंदौर के लिए निकल गए लेकिन शाह को ये नही बताया कि उनका नाम बिदा करने वाले नेताओं की लिस्ट में नही था। जबकि शाह के आगमन पर स्वागत वाली लिस्ट में विजयवर्गीय का नाम मौजूद था। लिहाज़ा वे भी आगमन के वक्त मौजूद थे।

गृहमंत्री शाह ने फोन कर विजयवर्गीय को बुलावा भेजा। तब तक विजयवर्गीय बैरागढ़ को पार कर सीहोर के रास्ते आ पहुँचे थे। तुरंत वे लौटे ओर सीधे स्टेट हैंगर पहुँचे जहां शाह उनका इंतजार कर रहें थे। यहां दोनों नेताओं के बीच करीब 20 मिनिट बातचीत हुई और वह भी एकांत में। बस इसी एकांत की खामोश मुलाकात ने, मुलाकात खत्म होते ही ऐसा शोर मचाया...जो आज तक खत्म नही हुआ। जबकि नेताओ की तरफ़ से इसे हमेशा की तरह सामान्य मेल मुलाकात करार दिया लेकिन् प्रदेश की राजनीति के जानकारों के दिल मे इत्ते से जवाब से करार नही आ रहा। वे इस मुलाकात के एक नही अनेक मायने निकाल रहे हैं।

इस मुलाकात को कुछ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व नगरीय प्रशासन मन्त्री कैलाश विजयवर्गीय के बीच चल रहे शीत युद्ध से जोड़ रहें हैं कि दोनों के बीच अब रिश्ते उस्ताद-चेले जैसे नही रहें। लेकिन् इस कयास को चित्रकूट समिट के कारण बल नही मिल रहा। क्योंकि इस तरह की सुलह जाजम साल की शुरुआत में रामजी की नगरी में बिछ चुकी थीं। उसके बाद एक तरह से सब सामान्य है भी। कुछ न इस मुलाकात को प्रदेश भाजपा में अध्यक्ष पद पर बदलाव से जोड़ा। क्योंकि प्रदेश भाजपा का नया अध्यक्ष सन्निकट हैं, लिहाज़ा इस बात को बल मिला भी। लेकिन् इसे भी ये कहते ख़ारिज कर दिया कि इसके लिए स्टेट हैंगर जैसा स्थान और घर लौटते नेता को वापस बुलाया नही जाता। ऐसे मसले फ़ोन पर भी निपट जाते हैं।

मुलाकात के मायने विजयवर्गीय के पुन: संगठन में लौट जाने से भी जोड़े जा रहें हैं। लेकिन् कैलाश की बॉडी लेंग्वेज इशारा नही कर रही है कि वे सत्ता से किनारा करने जा रहें हैं। न प्रदेश के अभी राजनीतिक हालात कोई चुनावी है जो वे संगठन को पकड़ ले, सत्ता त्याग दे। सरकार से उनके रिश्ते कम ज्यादा हो सकते है लेकिन् सरकार में उनका रुतबा तो कायम ही है और रहना भी हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष की चल रही रेस तक से जाकर इस मुलाकात को जोड़ा गया। लेकिन् इस बात को बल इसलिए नही मिल रहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का राष्ट्रीय अध्यक्ष चयन में कुछ हटकर व बड़ा करने का मन बना हुआ हैं और वह उत्तर नही, दक्षिण की तरफ़ देख रही हैं। ऐसे में फिर से हिंदी पट्टी को अध्यक्षी का पट्टा मिले, संभावनाएं कम नजर् आ रही हैं। हा, नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की नई टीम का हिस्सा होना इसमे शामिल नही हैं।

# आज का राशिफल

मेष राशि: आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी।

वृष राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को पढ़ाई करने की जरूरत है। कपड़े का व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा।

मिथुन राशि: आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से किसी काम में सफलता हासिल होगी। गौ सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के लिए नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं, जीवन में आनंद बढ़ेगा। डॉक्टर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपका मन शांत व संतुष्ट रहेगा।

कर्क राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद की गुहार करेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनायेंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं, जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आज आप किसी जरुरी मीटिंग में शामिल होंगे। पिता की सलाह से आपको अपने बिजनेस में काफी मदद मिलेगी।

सिंह राशि: आज आपका दिन शांत रहेगा। आज आपकी मुलाक़ात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन की नई सीख लेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया सीखेंगे और पढाई की तरफ झुकाव बढ़ेगा।

कन्या राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। दाम्पत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे।

तुला राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप नया हुनर सीखेंगे, जो आगे चलकर आपके लिए कारगर साबित होगा। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज कारोबार में आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज जीवनसाथी की मदद से आपका काम आसान हो जायेगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरुरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरुरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज काम करने से पहले अपने बड़ों का आशीर्वाद लेंगे। रिश्तों में चल रही अनबन से आज आपको छुटकारा मिलेगा। आज जीवनसाथी को सरप्राइज देने के लिए ज्वेलरी खरीदने जा सकते हैं। परिवार में बड़े बुजुर्गों का ध्यान रखें। लवमेट घूमने का प्लान बनायेगे।

धनु राशि: आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। सोशल वर्क कर रहे लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहने वाला है। आज लवमेट कहीं घूमने जा सकते हैं आपके रिश्ते की डोर और मजबूत बनेगी। सरकारी जॉब की तैयारी कर रहे लोगों को अपनी मेहनत जारी रखने की आवश्यकता है। जल्द सफलता मिलने के योग है।

मकर राशि: आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियां बढ़ेगी। नर्सिंग कर रहे छात्रों को उनके करियर में सफलता मिलेगी। आज आपके नए दोस्त बनेंगे। आज कार्यक्षेत्र में मेहनत कर रहे लोग सफल होंगे। अपना बायोडाटा भेजने या किसी इंटरव्यू देने के लिये काफी अच्छा समय चल रहा है । आज आपकी महत्वाकांक्षा को काफी बल मिलेगा।

कुंभ राशि: आज आपका दिन आपके लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। अध्यात्मिक कामों में आपकी रूचि बढ़ेगी।

मीन राशि: आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। अर्थराईटिस की परेशानी से जुड़े लोगों को आज राहत मिलेगी।

# क्या भाजपा एक नए क्षेत्रीय हिंदुत्व आइकॉन की तलाश में है

रंजन श्रीवास्तव

क्या भाजपा वर्ष 2029 में होने वाले लोक सभा चुनावों से पहले किसी बड़े क्षेत्रीय हिंदुत्व आइकॉन की तलाश में है जो खासकर उत्तर प्रदेश में भाजपा के खोये हुए जनाधार को फिर से वापस ले आए और मध्य प्रदेश में पार्टी के जनाधार को मजबूती से बनाये रख सके। देखना यह है कि 2029 के चुनावों में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के पीएम फेस बने रहते हैं या नहीं पर दोनों ही परिस्थितियों में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के मन में 2024 के परिणाम पीछा करते रहेंगे जबकि भाजपा उत्तर प्रदेश में 63 सीट से नीचे आकर 33 सीट पर सिमट गयी और 400 पार के नारे के बावजूद 240 सीट पर सिमट गयी। पार्टी का उत्तर प्रदेश में अंकगणित खराब हुआ इस बात के बावजूद कि भाजपा यहाँ डबल इंजन के सरकार की बात लगातार करती रही और योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व ब्रांड के एक प्रमुख चेहरा बने रहे। यह सोचना कि भाजपा 2029 के चुनावों में हिंदुत्व के नैरेटिव पर चुनाव नहीं लड़ेगी महज एक अकादमिक चर्चा के लिए तो ठीक है पर वास्तविकता में ऐसा होगा नहीं। इसके बावजूद भी पार्टी नहीं चाहेगी कि उत्तर प्रदेश में वही परिणाम दुहराए जाएँ जो परिणाम 2024 में आए थे। 2029 के पहले उत्तर प्रदेश में 2027 में और मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में 2028 में विधान सभा चुनाव होंगे। मगर विधान सभा के परिणाम का इंतज़ार करने के बजाय भाजपा अभी से अपना चुनावी गणित विशेषकर उत्तर प्रदेश में ठीक करने में लगी है। प्रयागराज में महाकुम्भ 144 साल बाद आयोजित हो रहा है यह बात केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों के द्वारा प्रचारित किया गया। परिणामस्वरूप पूरे देश से हिन्दुओं की आस्था का सैलाब प्रयागराज की तरफ उमड़ पड़ा। महाकुम्भ में भगदड़ और मौतें और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए भगदड़ और मौतों ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार



दोनों की व्यवस्थाओं पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह लगा दिया पर फिर भी जनता इसको लेकर सरकारों के खिलाफ आंदोलित हो गयी हो ऐसा दिखा नहीं। पर आस्था का सैलाब 2029 में वोटों के अंकगणित में बदल जाए और 400 पार का नारा चरितार्थ हो जाए इस बात पर विश्वास करके पार्टी अपनी चुनावी रणनीति नहीं बना सकती। पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व किसी किन्तु परन्तु की बजाय ऐसे ठोस रणनीति पर काम करना चाहेगा या काम कर रहा है जिससे उसे 2029 में पूर्ण बहुमत मिले और चौथी बार लगातार सरकार बनाने के लिए जदयू या टीडीपी जैसे किसी बैसाखी की जरूरत ना पड़े। इसलिए भाजपा अपने हिंदुत्व की धार को और तेज करना चाहेगी और उसके लिए एक ऐसे चेहरे की जरूरत पड़ सकती है जो पहले से आजमाया हुआ ना हो और हिन्दुओं के बड़े वर्ग में उसकी स्वीकारोक्ति हो। तो क्या अब बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री भाजपा के नए हिंदुत्व आइकॉन या अस्त्र हो सकते हैं? जिस तरह से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बागेश्वर धाम में जाने का प्रोग्राम बनाया और धीरेन्द्र शास्त्री को अपना छोटा भाई बताते हुए उनपर अपना स्नेह उड़ेला उससे तो यही लगता है कि भाजपा नेतृत्व उनकी बढ़ती हुयी लोकप्रियता को देखते हुए उनसे चमत्कृत है। प्रधान मंत्री ने बागेश्वर धाम में बालाजी सरकार कैंसर इंस्टीट्यूट का शिलान्यास ही नहीं किया बल्कि वहां एक जनसभा को भी सम्बोधित किया। अप्रत्यक्ष रूप से प्रधान मंत्री ने धीरेन्द्र शास्त्री के पर्ची निकालने विधा की प्रशंसा तक की । उन्होंने धीरेन्द्र शास्त्री की माताजी से यह कहा कि उनके मन में चल रही बात की पर्ची उनके पास है और वह यह कि वे अपने बेटे की शादी देखना चाहती हैं। इन पक्तियों को लिखे जाने तक भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी बागेश्वर धाम पहुँच चुकी हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भी वहां जा चुके हैं और धीरेन्द्र शास्त्री की प्रशंसा कर चुके हैं। धीरेन्द्र शास्त्री अपने मंचों से हिन्दू राष्ट्र की वकालत करते रहे हैं। भाजपा इसपर अपनी मुहर तो नहीं लगाती पर उसकी चुनावी राजनीति में ऐसे नारे या भाषण उसको सम्बल ही प्रदान करते हैं।

तर्कवादियों की नजर् में धीरेन्द्र शास्त्री की विधा सिर्फ एक ढोंग है। 2023 में उनके महाराष्ट्र दौरे के दौरान तर्कवादियों ने उन्हें उनकी सिद्धि को साबित करने की चुनौती दी थी। पर धीरेन्द्र शास्त्री वहां से वापस चले आए और दावा किया कि वो मैदान छोड़कर नहीं भागे बल्कि उनकी वहां से वापस आने का प्लान पूर्व निर्धारित था। पिछले वर्ष गुरुशरण महाराज (पंडोखर सरकार ) के विरुद्ध उनके द्वारा कथित रूप से धीरेन्द्र शास्त्री के विरुद्ध आपत्तिजनक बयान देने पर कोर्ट में एक आवेदन दाखिल किया गया था। जाहिर है धीरेन्द्र शास्त्री के बारे में जनता में दो मत है पर फिर भी बहुत से लोग उन्हें सिद्ध पुरुष मानकर उनके दरबार में जाते हैं और अपनी समस्याओं के निराकरण की अपेक्षा रखते हैं। धीरेन्द्र शास्त्री बुंदेलखंड से आते हैं जो उत्तर प्रदेश तक फैला हुआ है। देखना यह है कि आने वाले समय में शास्त्री भाजपा के किसी प्लान का हिस्सा बनते हैं या अपनी भूमिका को गैर राजनीतिक बनाये रखते हैं।

## फतेहाबाद में खड़े ट्रक से टकराई बस, 4 की मौत और 19 घायल

लखनऊ, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह वाराणसी से जयपुर जा रही एक बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। इसमें बस सवार 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 अन्य घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और शवों को मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस ने मृतकों की जेब में मिले दस्तावेजों के आधार पर उनकी पहचान कर परिजनों को सूचना कर दी।

पुलिस ने बताया कि वाराणसी से एक निजी बस सवारियों को लेकर जयपुर के लिए रवाना हुई थी। सुबह साढ़े 5 बजे फतेहाबाद थाना क्षेत्र में चालक के नियंत्रण खो देने से बस ने सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। पुलिस ने बताया कि मृतकों में राजस्थान निवासी गोविंद (68), रमेश कुमार (45) और आगरा निवासी दीपक वर्मा (40) है। एक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। इसी तरह 19 अन्य घायल यात्रियों का उपचार जारी है। फतेहाबाद के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरदीप लाल ने बताया कि हादसे के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है, लेकिन पृथम दृष्टया बस चालक को नींद की झपकी लगना कारण माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद करीब एक घंटे तक यातयात बाधित रहा। क्रेन की सहायता से बस और ट्रक को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू कराया। आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

## केरल में छात्रों की झड़प में 10वीं क्लास के छात्र की मौत

कोझिकोड, (आरएनएस)। केरल में कोझिकोड के थामारसेरी में छात्रों के बीच एक हिंसक संघर्ष में हायर सेकेंडरी स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र की दुखद मौत हो गई. 28 फरवरी को मृतक की कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान सिर में गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई. यह घटना 28 फरवरी को थामारसेरी में एक ट्यूशन सेंटर के पास हुई, जिसमें स्कूल के छात्रों के दो गुटों के बीच झड़प हुई. प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, संघर्ष एक विदाई पार्टी को लेकर हुई थी।

विदाई पार्टी के दौरान हुई पिछली घटना के बाद से तनाव बढ़ गया था, जिसके परिणामस्वरूप 28 फरवरी को एक और हिंसक टकराव हुआ, जिसमें मृतक गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया. छात्र की मौत से परिजन और स्थानीय समुदाय सदमे और शोक में है।

यह घटना तिरुवनंतपुरम के करयावट्टम सरकारी कॉलेज में रैगिंग की हालिया घटना के बाद हुई है. कॉलेज की एंटी-रैगिंग कमेटी ने जांच की और पुष्टि की कि रैगिंग हुई थी. रैगिंग के शिकार छात्र ने कॉलेज प्रिंसिपल और कझाकुट्टम पुलिस में घटना के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी. इसके बाद एंटी-रैगिंग कमेटी ने जांच की. शिकायत स्नातक तृतीय वर्ष के सात छात्रों के खिलाफ की गई थी. सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयानों की जांच के बाद पाया गया कि रैगिंग हुई थी।

11 फरवरी को सीनियर और जूनियर छात्रों के बीच झगड़ा हुआ था. पीड़ित के दोस्त को सीनियर छात्रों ने पीटा, जिससे वह घायल हो गया. शिकायत में सात सीनियर छात्रों के खिलाफ रैगिंग करने का आरोप लगाया गया है. प्रिंसिपल ने समिति के निष्कर्षों के आधार पर कल कझाकुट्टम पुलिस को एक रिपोर्ट सौंपी. प्रिंसिपल की रिपोर्ट के आधार पर, कझाकुट्टम पुलिस ने पुष्टि की कि सात छात्रों के खिलाफ रैगिंग का मामला दर्ज किया गया है।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर झड़प में बीएसएफ जवान और घुसपैठिये घायल

अगरतला (आरएनएस)। सिपाहीजाला जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर कुछ घुसपैठिये भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश की. इस दौरान मुस्तैद सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने उन्हें रोका. तभी घुसपैठियों ने जवानों पर हमला कर दिया. इस दौराह हुई झड़प में दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए. बीएसएफ की ओर जारी जानकारी के अनुसार 20-25 बांग्लादेशी बदमाशों के एक समूह ने शुक्रवार शाम लगभग 7:30 बजे बीओपी पुटिया क्षेत्र में सीमा के पास भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने की. तस्करी की गतिविधियों में लगे घुसपैठियों को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की एक गश्ती टीम ने रोका. चेतावनी दिए जाने पर घुसपैठियों ने बीएसएफ के जवानों पर हमला कर दिया. इसके परिणामस्वरूप एक बीएसएफ जवान गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थिति तब और बिगड़ गई जब बदमाश घुसपैठियों ने बीएसएफ के जवानों से हथियार छीनने का प्रयास किया. विज्ञप्ति के अनुसार खुद को बचाने और स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए एक बीएसएफ के जवान ने आत्मरक्षा में एक पंप एक्शन गन फायर किया, जिससे एक बांग्लादेशी घुसपैठिया घायल हो गया।

# अमित शाह ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए गृह मंत्रालय में बैठक की

नई दिल्ली, (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए आज शनिवार को गृह मंत्रालय में वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की. बैठक में मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला और अन्य लोग शामिल हुए।

यह बैठक 9 फरवरी को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद हुई. हिंसा और राजनीतिक अस्थिरता के कारण मणिपुर में करीब दो साल से हालात खराब है. राज्य के राज्यपाल से 13 फरवरी को रिपोर्ट मिलने के बाद मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया. भारत के राजपत्र में प्रकाशित और केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी उद्घोषणा में कहा गया कि




मणिपुर विधानसभा की शक्तियां संसद को हस्तांतरित कर दी जाएंगी, जिससे राज्य सरकार का अधिकार प्रभावी रूप से निलंबित हो जाएगा. पिछले साल नवंबर में अमित शाह ने मणिपुर में वर्तमान सुरक्षा स्थिति का आकलन करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक विस्तृत उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक बुलाई थी.चर्चा में राज्य में हाल ही में हुए घटनाक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया गया. इसमें शीर्ष अधिकारियों ने मौजूदा चुनौतियों और प्रतिक्रिया उपायों का व्यापक मूल्यांकन प्रस्तुत किया. बैठक में क्षेत्र को स्थिर करने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया. अमित शाह ने बैठक के दौरान मणिपुर में सुरक्षा तैनाती की समीक्षा की. साथ ही केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में एनएक्सटी कॉन्क्लेव के दौरान डॉ. एन लिबर्ट से मुलाकात की।**

## दिल्ली के यमुना विहार इलाके में बदमाशों ने की फायरिंग, इलाके में डर का माहौल

नई दिल्ली, (आरएनएस)। उत्तर पूर्वी दिल्ली के यमुना विहार इलाके के मकान के बाहर फायरिंग का एक मामला सामने आया है. पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मिली जानकारी के अनुसार यमुना विहार में रात करीब 1:05 बजे फायरिंग की घटना हुई. दो अज्ञात लोगों ने घर के बाहर फायरिंग की और स्कूटी पर सवार होकर भाग निकले. मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच टीमें अपराधियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए काम कर रही हैं।

पीड़ित ने बताया कि हमारा किसी से कोई झगड़ा या विवाद नहीं है. मुझे नहीं पता कि वे लोग कौन थे, लेकिन वे हमारे घर आए और गेट तोड़ने की कोशिश की. जब वे ऐसा नहीं कर पाए, तो उन्होंने 4-5 गोलियां चलाई. बच्चे डर गए थे और हम सब डर गए थे. वहीं, उत्तर पूर्वी दिल्ली के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि गुरुवार रात 1:14 पर यमुना विहार इलाके में फायरिंग की सूचना मिली, सूचना मिलते ही भजनपुरा थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची. मौके




पर एक घर के गेट के पास पुलिस को चार खाली कारतूस मिले. मकान मालिक ने बताया कि उसने घर के बाहर फायरिंग की आवाज सुनी. बाहर आया तो दो युवक उसके घर के बाहर हवाई फायरिंग करते हुए स्कूटी से भाग गए.डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आर्म्स एक्सरसाइज संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया है. आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज लिए जा रहे हैं ताकि स्कूटी सवार बदमाशों की पहचान हो सके।

## ग्लोबल टेक हब में बदल रहा भारत, एमडब्ल्यूसी 2025 से इनोवेशन को मिलेगा बढ़ावा : केंद्रीय मंत्री



नई दिल्ली (ए.) । भारत तेजी से एक ग्लोबल टेक्नोलॉजी हब के रूप में बदल रहा है और देश द्वारा बड़े स्तर पर मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी) में हिस्सा लेने से इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय संचार मंत्री, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को यह बयान दिया। एमडब्ल्यूसी 2025, दुनिया का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी और टेलीकम्युनिकेशन इवेंट है। यह स्पेन के बार्सिलोना में 3-6 मार्च के बीच आयोजित किया जाएगा। इस इवेंट में सिंधिया भारत का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।सिंधिया ने कहा, भारत तेजी से एक ग्लोबल टेक्नोलॉजी हब के रूप में बदल रहा है। मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस जैसे आयोजनों में अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ हमारा जुड़ाव इनोवेशन में तेजी लाने और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है।

इंडिया मोबाइल कांग्रेस एक ऐसा मंच है जो देश के इनोवेशन इकोसिस्टम को दुनिया के सामने उजागर करेगा। इस इवेंट में देश की अग्रणी टेलीकॉम कंपनियां और इनोवेटर्स अपनी अत्याधुनिक प्रगति और टिकाऊ समाधानों का प्रदर्शन करेंगे। भारतीय पवेलियन में 38 भारतीय टेलीकॉम उपकरण मैन्युफैक्चर्स अपने उत्पादन प्रदर्शित करेंगे। इसमें हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों शामिल होंगे।सिंधिया ने आगे कहा कि मैं वैश्विक विशेषज्ञों के साथ विचारों का आदान-प्रदान करने और मोबाइल और दूरसंचार क्षेत्र में सहयोग के अवसरों पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। इस यात्रा में केंद्रीय मंत्री 5जी, एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), 6जी, क्वांटम और अगली पीढ़ी की मोबाइल टेक्नोलॉजी में अत्याधुनिक विकास को जानने के लिए वैश्विक उद्योग जगत के नेताओं, नीति निर्माताओं और इनोवेटर्स के साथ भी बातचीत करेंगे। बार्सिलोना में मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2025 में भारत की भागीदारी से दुनिया भर के शीर्ष अधिकारियों, विजनरी और इनोवेटर्स के एक साथ आने की उम्मीद है, जो रणनीतिक सहयोग, ज्ञान का आदान-प्रदान और भारत के तकनीकी नेतृत्व को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

## 32 संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लिया

राजनांदगांव-रायपुर, (आरएनएस)। बसंतपुर क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में दो दिन का यह अभियान चलाया गया। पुलिस ने फेरीवालों, अन्य राज्यों और जिलों से आए लोगों की जांच की। किराएदारों और मुसाफिरों की भी चेकिंग की गई। सभी से शहर में घूमने का कारण पूछा गया। पुलिस ने 32 संदिग्ध व्यक्तियों को थाने लाकर उनके फिंगर प्रिंट लिए। साथ ही उनके पहचान संबंधी दस्तावेजों को भी एकत्रित किया। बसंतपुर पुलिस ने मकान मालिकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने किराएदारों की पूरी जानकारी थाने में जमा करें। यह कदम किराएदार के रूप में किसी अपराधी के रहने से रोकने के लिए उठाया गया है। पुलिस ने मकान मालिकों से आग्रह किया है कि वे किराएदार रखने से पहले पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य कराएं। इससे वे किसी भी तरह की परेशानी से बच सकेंगे।

## गुढ़ियारी लूटपाट मामलें में पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

रायपुर, (आरएनएस)। राजधानी के गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुए लाखों की लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट का 21 तोला सोना एवं 01 किलोग्राम चांदी वजनी सोने चांदी के जेवरात कीमत लगभग 21 लाख को जप्त कर लिया है।

बता दें कि प्रार्थिया टिकेश्वरी रजक गुढ़ियारी क्षेत्रांतर्गत सुखराम नगर गोगांव में अपने पुत्र के साथ किराये के मकान में रहती है तथा आमापारा चौक रायपुर में बर्फ की दुकान चलाती है। प्रार्थिया दिनांक 24.02.2025 के दोपहर अपने मकान में कमरे में सोई हुई थी, कि दोपहर करीबन 2.30 बजे दो अज्ञात व्यक्ति प्रार्थिया के घर अंदर कमरे का दरवाजा को धकेल कर अंदर प्रवेश किये, दोनो व्यक्तियों ने अपने मुंह को गमछे से बांधा हुआ था एवं एक व्यक्ति ने अपने हांथ से प्रार्थिया के मुंह को दबा दिया तथा दूसरा व्यक्ति प्रार्थिया के दोनो पैर को पकडा एवं दोनो के द्वारा प्रार्थिया के दोनो हाथ, पैर एवं मुंह को बांध दिया गया था। अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा प्रार्थिया के गले में धारदार हथियार रखकर जान से मारने की धमकी देते हुए आलमारी की चाबी के संबंध में पूछा गया प्रार्थिया के चाबी बताये जाने पर अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा चाबी निकालकर आलमारी को खोलने का प्रयास किया गया चाबी से आलमारी नही खुलने पर उनके द्वारा अपने बैग में रखे लोहे के रॉड से आलमारी के लॉकर को तोड़ कर उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात, सिक्के एवं नगदी रकम को लूट कर फरार हो गये थे। जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना गुढ़ियारी में धारा 309(6), 331(3) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। लूट की घटना को पुलिस महानिरीक्षक रायपुर क्षेत्र, रायपुर अमरेश मिश्रा तथा पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक उरला पूर्णिमा लामा, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह, प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी गुढ़ियारी को अज्ञात अरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया।

# माणा एवलॉन्च सर्च ऑपरेशन दूसरा दिन: 55 में से 47 मजदूर रेस्क्यू, 8 की तलाश जारी



**-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिया अपडेट**

चमोली, (आरएनएस)। उत्तराखंड के चमोली जिले में बदरीनाथ के पास माणा में शुक्रवार को आए एवलॉन्च के बाद मलबे में दबे बीआरओ मजदूरों के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन दूसरे दिन भी जारी है. माणा एवलॉन्च रेस्क्यू ऑपरेशन में ज्योतिर्मठ बेस कैम्प से हेली रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है. अभी सेना के दो चेतक हेलीकॉप्टर बदरीनाथ रेस्क्यू के काम में लगे हैं. अब तक 47 मजदूरों का रेस्क्यू कर लिया गया है. अब 8 मजदूरों के लिए सर्च और रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है।

सड़क मार्ग पर लामबगड़ से आगे भारी हिमपात के कारण बंद है. लिहाजा अब हेली रेस्क्यू ऑपरेशन पर पूरा फोकस किया जा रहा है. इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के सीएम धामी से रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर अपडेट लिया।

माणा एवलॉन्च रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर आज सुबह की अच्छी खबर ये है कि क्षेत्र में अब मौसम सामान्य हो चला है. बर्फबारी थमने के बाद अब बेस कैम्प जोशीमठ से हेली रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हो गया है. डीएम चमोली से लेकर आपदा प्रबंधन के तमाम अधिकारी ज्योतिर्मठ में मौजूद हैं।

इधर करीब 150 बचाव कर्मी भी जोशीमठ और गोविंद घाट गुरुद्वारे से बदरीनाथ माणा के समीप एवलॉन्च रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए रवाना हो गए हैं. सीएम धामी भी रेस्क्यू ऑपरेशन की मॉनिटरिंग के लिए जोशीमठ पहुंचे हैं. फिलहाल बीआरओ/प्रशासन ने एवलॉन्च की चपेट में आए मजदूरों की लिस्ट भी जारी कर दी है।

गौरतलब है कि बदरीनाथ से 3 किलोमीटर आगे माणा के पास एवलॉन्च की चपेट में आने से बीआरओ के लिए काम कर रहे 55 मजदूर मलबे में दब गए थे. इनमें से 47 मजदूरों का सेना के द्वारा रेस्क्यू कर दिया गया है. 41 मजदूरों का सेना अस्पताल माणा में उपचार किया जा रहा है. 6 मजदूरों को ज्योतिर्मठ सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है. एवलॉन्च के मलबे में दबे 8 मजदूरों के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। कुल 55 मजदूरों के नाम जारी कर दिए गये हैं. इनमें से 42 मजदूरों के राज्यों की जानकारी मिल गई है. बिहार के 11, उत्तराखंड के 11, उत्तर प्रदेश के 11, हिमाचल के 7, जबकि पंजाब और जम्मू कश्मीर के एक-एक मजदूरों की जानकारी फिलहाल मिली है. वहीं, 13 मजदूरों के राज्यों की अभी पुष्टि नहीं हुई है. शनिवार सुबह साढ़े 7 बजे से रेस्क्यू कार्य में तेजी लाई गई है. सेना के दो चेतक हेलीकॉप्टरों के द्वारा रेस्क्यू कार्य किया जा रहा है. कल तीन मजदूरों को ज्योतिर्मठ सैन्य अस्पताल में लाया गया था. आज भी 3 लोगों को यहां लाया गया है. इस तरह ज्योतिर्मठ सैन्य अस्पताल में 6 लोग भर्ती हैं. वहीं चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने देर रात से ही ज्योतिर्मठ सैन्य अस्पताल पहुंचकर सभी को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश भी दिए हैं।

## तेजस्वी यादव का तंज, 'जब 15 साल पुरानी गाड़ी नहीं चलती तो 20 साल पुरानी सरकार क्यों चलेगी'

पटना (आरएनएस)। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शनिवार को नीतीश कुमार की सरकार पर जोरदार कटाक्ष करते हुए कहा कि जब 15 साल पुरानी गाड़ी के चलने की अनुमति नहीं है तो 20 साल पुरानी सरकार क्यों चलेगी।दरअसल, इस साल बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसे लेकर बयानबाजियों का दौर शुरू हो गया है। इसी कड़ी में राजद नेता तेजस्वी यादव ने एनडीए सरकार पर निशाना साधा है।उन्होंने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर लिखा, बिहार में 15 साल पुरानी गाड़ी चलाने की अनुमति नहीं है क्योंकि वह ज़्यादा धुंआ फेंकती है, प्रदूषण बढ़ाती है, जनता के लिए हानिकारक है तो फिर एनडीए की 20 साल पुरानी जोड़-तोड़, पलटा-पलटी वाली खटारा सरकार क्यों चलेगी? 20 वर्षों की नीतीश सरकार ने विगत 20 साल में बिहार के हर गली-हर टोला-हर गांव में गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध और पलायन रूपी भयंकर प्रदूषण फैला दिया है।उन्होंने आगे लिखा, नीतीश-भाजपा सरकार ने 20 वर्षों में दो पीढ़ियों का जीवन बर्बाद कर दिया। अब यह सरकार बिहारवासियों पर बोझ बन चुकी है। अब इसे बदलना अति आवश्यक है।राजद नेता तेजस्वी यादव आगे लिखते हैं, बिहार के युवाओं ने ठान लिया है कि अब 20 साल पुरानी खटारा, जर्जर, बीमार और थकी हुई अविश्वसनीय नीतीश-एनडीए की सरकार को हटा कर एक नई सोच, नए विजन, नए जोश और नई दिशा वाली युवा एवं नौकरी-रोजगार व विकास कार्यों को समर्पित विश्वसनीय जुनूनी सरकार को लाना है तथा नया बिहार बनाना है।

## यौन उत्पीड़न केसों में पुरुषों को फंसाया जा रहा, महिला की हर बात को सत्य मान लेना सही नहीं : हाईकोर्ट




नई दिल्ली (ए.) । केरल हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि आपराधिक मामलों, खासकर यौन अपराधों में यह मान लेना कि शिकायतकर्ता का हर बयान सत्य होता है, यह गलत है। कोर्ट ने यह भी कहा कि वर्तमान समय में ऐसे मामलों में निर्दोष लोगों को फंसाने की प्रवृत्ति बढ़ गई है। न्यायमूर्ति पीवी कुन्हिकृष्णन ने एक महिला कर्मचारी द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे एक व्यक्ति को अग्रिम जमानत देने के दौरान यह बातें कही हैं। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में पुलिस ने आरोपी की उस शिकायत की जांच नहीं की जिसमें उसने कहा था कि नौकरी से निकाले जाने के बाद महिला ने उसे गाली दी और धमकियां दीं। कोर्ट ने कहा, एक आपराधिक मामले की जांच का मतलब केवल शिकायतकर्ता के पक्ष की जांच नहीं है, बल्कि आरोपी के मामले की भी जांच की जानी चाहिए। केवल इसलिए कि शिकायतकर्ता महिला है यह मान लेना कि उसका हर बयान सत्य है, यह सही नहीं है।

कोर्ट ने यह भी कहा कि आजकल यह प्रवृत्ति बन गई है कि महिलाओं द्वारा पुरुषों पर यौन उत्पीड़न के आरोप झूठे होते हुए भी उन्हें फंसा लिया जाता है। यदि पुलिस यह पाती है कि महिला द्वारा लगाए गए आरोप झूठे थे तो वह शिकायतकर्ता के खिलाफ भी कार्रवाई कर सकती है। ऐसा कानून भी कहता है।

क्या है मामला

आपको बता दें कि महिला ने आरोप लगाया था कि कंपनी के प्रबंधक ने उसके हाथों को यौन उद्देश्य से पकड़ा। वहीं, आरोपी ने पुलिस से शिकायत की थी कि महिला ने उसे गाली दी और धमकियां दीं। उन्होंने इस संबंध में एक पेन ड्राइव में महिला की कथित बातें रिकॉर्ड कर के पुलिस को सौंपी। कोर्ट ने कहा कि यह एक ऐसा मामला था जिसमें जांच अधिकारी (IO) को आरोपी की शिकायत की भी जांच करनी चाहिए थी। कोर्ट ने आरोपी को पेन ड्राइव जांच अधिकारी के समक्ष पेश करने का आदेश दिया और जांच अधिकारी को निर्देश दिया कि वह उसकी जांच करें। कोर्ट ने आरोपी को 50,000 रुपये की जमानत राशि और दो सक्षम जमानतदारों के साथ जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

# डिजाइनर लहंगा पहन भूमि पेडनेकर ने शेयर किया हॉट लुक, एक्ट्रेस की कातिल अदाओं पर दिल हार गए फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर हमेशा अपने बोल्ड लुक्स की तस्वीरें फैंस के बीच साझा करती रहती हैं। उनका किलर लुक इंस्टाग्राम पर आते ही अक्सर तबाही मचाता रहता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक्स की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर अक्सर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।अब हाल ही में भूमि पेडनेकर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने पर्पल कलर का बेहद ही खूबसूरत डिजाइनर लहंगा पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर लुक में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।खुले बालों को वेवी स्टाइल लुक देकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये एलिगेंट लुक देखकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं।एक्ट्रेस की इन फोटोज को पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक हजारों यूजर्स ने फोटोज पर लाइक कर दिया है। वहीं, कुछ यूजर्स यू लुक सो प्रिटी, आप बेहद खूबसूरत हैं। इस ग्लोइंग त्वचा का राज क्या है। ऐसे कॉमेंट्स कर रहे हैं।

## छावा के बॉक्स ऑफिस पर 2 हफ्ते पूरे, कमाई 400 करोड़ के पार, स्त्री 2, जवान और दंगल का टूटा रिकॉर्ड

विक्की कौशल-रश्मिका मंदाना की फिल्म छावा को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए दो सप्ताह हो चुके हैं. इन दो सप्ताह में फिल्म ने कई रिकॉर्ड तोड़े और बनाए. वहीं, दूसरे सप्ताह के आखिरी दिन छावा सफलतापूर्वक 400 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हो गई. 14 फरवरी को रिलीज हुई लक्ष्मण उटेकर निर्देशित इस फिल्म ने 14वें दिन हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 समेत कई फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं.

मराठा राजा छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित विक्की कौशल की नई फिल्म छावा 2025 की अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बनी है. फिल्म पहले ही दिन से ताबड़तोड़ कमाई कर रही है. 13 दिनों के लंबे अंतराल के बाद, छावा ने 14वें दिन भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अपनी पहली बड़ी गिरावट देखी है. हालांकि, अच्छी खबर यह है कि विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना अभिनीत फिल्म ने 400 करोड़ क्लब में शामिल हो गई है.

सैकनिल्क के मुताबिक, छावा अपने पहले दो वीकेंड में 100-100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही है. दूसरे सोमवार और मंगलवार को विक्की कौशल की फिल्म ने क्रमश: 19.10 करोड़ रुपये और 19.23 करोड़ रुपये की कमाई की. वहीं, शिवरात्रि के मौके पर यानी दूसरे बुधवार को फिल्म ने 25.02 करोड़ रुपये की बंपर कमाई की. 13 दिनों के बाद पहली बार फिल्म ने कम कमाई की है. रिलीज के 14वें दिन, छावा ने केवल 12 करोड़ रुपये कमाए है.

## बॉक्स ऑफिस पर मेरे हस्बैंड की बीवी का संघर्ष जारी, सातवें दिन रहा ऐसा हाल

मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी फिल्म मेरे हस्बैंड की बीवी को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा हो गया है। हालांकि, यह लोगों पर अपना जादू चलाने में नाकाम साबित हुई।

यह फिल्म 21 फरवरी को रिलीज हुई थी और इससे निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने दम तोड़ दिया है। फिल्म की कमाई लाखों में सिमटी हुई है।

आइए बताते हैं मेरे हस्बैंड की बीवी ने सातवें दिन कितने लाख रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मेरे हस्बैंड की बीवी ने अपनी रिलीज के सातवें दिन यानी पहले गुरुवार को केवल 37 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस क्लेक्शन 6.64 करोड़ रुपये हो गया है।इस फिल्म का अनुमानित बजट 60 करोड़ रुपये बताया जा रहा है और यह अपनी लागत वसूलने में असफल साबित हुई।मेरे हस्बैंड की बीवी में अर्जुन कपूर, रकुल प्रीत सिंह और भूमि पेडनेकर की तिकड़ी नजर आ रही है।

# गुड बैड अग्ली का दमदार टीजर जारी, कई किरदार में एक्शन करते दिखे अजित कुमार




साउथ सुपरस्टार अजित इन दिनों अपनी फिल्म गुड बैड अग्ली को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। वहीं, फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं। फैंस को फिल्म के टीजर का बेसब्री से इंतजार था, जो अब खत्म हो गया। आज आखिरकार फिल्म के निर्माताओं ने गुड बैड अग्ली का टीजर जारी कर दिया है। वहीं, टीजर रिलीज के साथ ही फिल्म का प्रचार भी शुरू हो चुका है। टीजर में अजित का दमदार लुक देखने को मिला।

टीज़र की शुरुआत ए.के. के रेड ड्रैगन के रूप में स्टाइलिश और हिंसक परिचय से होती है, जो एक ऐसा व्यक्ति है जो अपने ही नियमों को तोड़ने आया है। पूरे टीज़र में अजित कुमार का स्वैग साफ़ दिखाई देता है, जिसमें कुछ फैनबॉय पल भी दिखाए गए हैं। स्टाइलिश एक्शन से भरपूर कट मौजूद हैं, जिसमें अजित ने अपने सिग्नेचर के साथ टीज़र को खत्म किया है।

फिल्म के कलाकारों में त्रिशा, अर्जुन दास, प्रसन्ना, प्रभु, योगी बाबू और सुनील शामिल हैं, जो इसे फिल्म देखने वालों के लिए एक रोमांचक फिल्म बनाते हैं। मैथरी मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित, गुड बैड अग्ली में जीवी प्रकाश कुमार द्वारा संगीतबद्ध किया गया है। फिल्म का प्रचार अभियान प्रभावी रहा है, जिसने फिल्म की रिलीज़ के लिए लगातार प्रत्याशा को बढ़ाया है। एक्शन से भरपूर कहानी, स्टार कलाकारों से सजी कास्ट और सफल निर्देशक के साथ, गुड बैड अग्ली आने वाले महीनों में सबसे चर्चित फिल्मों में से एक बनने के लिए तैयार है।टीजर ने प्रशंसकों का उत्साह बढ़ा दिया है, जिससे वे और अधिक देखने के लिए उत्सुक हो गए हैं। पहले जारी किए गए फिल्म के पोस्टर ने निश्चित रूप से प्रशंसकों की उत्सुकता को बढ़ा दिया है, जो अपने पसंदीदा अभिनेता को एक अलग अवतार में देखने का इंतजार कर रहे हैं। नेटफ्लिक्स ने फिल्म के पोस्ट-थियेट्रिकल स्ट्रीमिंग अधिकार हासिल कर लिए हैं।टीजर के रिलीज होने के साथ ही, गुड बैड अग्ली को लेकर चर्चा और तेज हो गई है। अजित कुमार की दमदार ऑन-स्क्रीन मौजूदगी ने उत्साह को और बढ़ा दिया है, और 10 अप्रैल को फिल्म की रिलीज के साथ, प्रशंसक बड़े पर्दे पर जादू देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# चारकोल से स्केच बनाने में भी माहिर हैं एक्ट्रेस तारा सुतारिया



अभिनय और गायकी के साथ ही अभिनेत्री तारा सुतारिया चारकोल से स्केच बनाने में भी माहिर हैं। तारा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर अब तक छुपा कर रखे हुनर से प्रशंसकों को रूबरू कराया। यह चित्रकारी तब की है जब वह मात्र 9 साल की थीं।

तारा सुतारिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, चारकोल स्केच मैंने बचपन में बनाए थे! ये तब का स्केच है, जब मैंने इसे बनाना शुरू किया था। उस वक्त मेरी उम्र 9 साल थी।


शेयर किए गए वीडियो में तारा सुतारिया के चारकोल स्केच के कई कलेक्शन नजर आए।

शानदार अभिनेत्री और गायिकी के बारे में तो पहले से ही जानते थे, लेकिन इस नए टैलेंट से रूबरू करा उन्होंने अपना अलग ही अंदाज पोट्रे किया है। ये बताता है कि तारा सुतारिया बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं। सुतारिया अपनी फिल्म एक विलेन रिटर्न्स के लिए गाना भी गा चुकी हैं। उन्होंने एक पोस्ट के जरिए बताया भी कि उनके लिए फिल्म के गाने को आवाज देना आसान नहीं था। गाना साल 2022 में आई एक्शन-थ्रिलर फिल्म एक विलेन रिटर्न्स के लिए रिकॉर्ड किया गया था। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर गाने के बारे में बताया कि ये चुनौतीपूर्ण था।

इस बात को भी सोशल प्लेटफॉर्म पर शेयर किया था। इंस्टाग्राम में प्यारे से कैप्शन में लिखा था, मैंने अपना पहला हिंदी सॉन्ग शामत रिकॉर्ड किया। इस गाने को श्रोताओं से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। यह गाना फिल्म एक विलेन रिटर्न्स के लिए था, इसमें मैंने एक सिंगर की भूमिका निभाई। यह एक संयोग ही था क्योंकि किसी को फिल्मों में गाने का मौका बहुत ही कम मिलता है। हालांकि, इसमें ढलना ज्यादा मुश्किल था और इसे आवाज देना ज्यादा आसान नहीं था।

तारा सुतारिया ने लिखा, अंग्रेजी और हिंदी म्यूजिक दोनों ही मेरे दिल के करीब हैं। ट्रेनिंग, साउंड और तकनीक की बात करें तो दोनों बिल्कुल अलग हैं! पीछे मुड़कर देखती हूं तो एक कदम आगे बढ़कर बहुत खुश हूं। गाने के प्रति इतना प्यार पाकर आभारी हूं। सभी के साथ बहुत प्यारी यादें भी हैं। मोहित सूरी, अर्जुन कपूर, अंकित तिवारी और बैडबॉय शाह, आपने इसे खास बना दिया।

## जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट का नया गाना नैना जारी, जानिए कब रिलीज हो रही फिल्म



जॉन अब्राहम की फिल्म द डिप्लोमैट का दर्शक काफी समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान शिवम नायर ने संभाली है। यह फिल्म होली के खास मौके पर यानी 14 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

अब इससे पहले निर्माताओं ने द डिप्लोमैट का नया गाना नैना जारी कर दिया है। इस गाने को वरुण जैन, रोमी और अनुराग सैकिया ने मिलकर गाया है।

द डिप्लोमैट एक भारतीय राजनयिक के पाकिस्तान से भारतीय लड़की को वापस लाने के प्रयासों की सच्ची कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में जॉन इस्लामाबाद में भारत के पूर्व उप उच्चायुक्त जेपी सिंह की भूमिका में नजर आएंगे।जॉन के अलावा इस फिल्म में सादिया खतीब, रेवती, कुमुद मिश्रा और शारिब हाशमी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। विक्रम भट्ट इस फिल्म के लेखक हैं।बता दें कि द डिप्लोमैट पहले 7 मार्च को रिलीज होने वाली थी।

# अपने लग्जरी हैंडबैग्स की उम्र बढ़ाने के लिए आजमाएं ये 5 आसान और प्रभावी तरीके



लग्जरी हैंडबैग्स का ख्याल रखना एक अहम जिम्मेदारी होती है क्योंकि ये न केवल आपके स्टाइल को बढ़ाते हैं, बल्कि आपकी पर्सनैलिटी का भी हिस्सा बन जाते हैं।इनकी देखभाल करना जरूरी है ताकि ये लंबे समय तक नए जैसे दिखें और आपकी अलमारी में हमेशा खास बने रहें।इस लेख में हम आपको कुछ आसान और असरदार टिप्स देंगे, जिनसे आप अपने लग्जरी हैंडबैग्स की उम्र बढ़ा सकते हैं और उनकी खूबसूरती बरकरार रख सकते हैं।

### सही तरीके से सफाई करें

अपने लग्जरी हैंडबैग्स को साफ रखने के लिए नियमित रूप से हल्के गीले कपड़े से पोछें। ध्यान रखें कि पानी ज्यादा न हो, वरना बैग का चमड़ा खराब हो सकता है।

अगर बैग पर दाग-धब्बे हों, तो उन्हें तुरंत साफ करें ताकि वे स्थायी न बन जाएं।

इसके लिए आप खास क्लीनिंग प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर सकते हैं, जो बैग के मटीरियल के अनुसार बने होते हैं।

### धूप और नमी से बचाएं

धूप और नमी आपके लग्जरी बैग्स के सबसे बड़े दुश्मन होते हैं।

इन्हें सीधी धूप में रखने से बचें क्योंकि इससे बैग का रंग फीका पड़ सकता है और चमड़ा सूख सकता है। ज्यादा नमी वाले स्थानों पर भी इन्हें रखने से बचें क्योंकि इससे फंगस या बदबू आ सकती है। बैग को हमेशा ऐसे स्थान पर रखें जहां हवा का प्रवाह हो और तापमान सामान्य रहे। इससे आपका बैग लंबे समय तक सुरक्षित रहेगा।

### सही तरीके से स्टोर करें

जब आप अपने बैग का इस्तेमाल नहीं कर रहे हों तो उसे सही तरीके से स्टोर करना जरूरी होता है।इसे हमेशा डस्ट बैग में रखें, जो खरीदारी के समय मिलता है। बैग को उसकी मूल आकार में बनाए रखने के लिए उसमें टिश्यू पेपर या मुलायम कपड़ा भरकर रखें।इससे बैग की संरचना बरकरार रहती है और वह लंबे समय तक नया जैसा दिखता है। इस तरह की देखभाल से आपके लग्जरी हैंडबैग्स की उम्र बढ़ जाती है।

### नियमित रूप से कंडीशनिंग करें

चमड़े के लग्जरी बैग्स की चमक और मजबूती बनाए रखने के लिए उन्हें नियमित रूप से कंडीशनिंग करना बहुत जरूरी है।इसके लिए खास लेदर कंडीशनर का इस्तेमाल करें, जो बाजार में आसानी से मिल जाते हैं। यह प्रक्रिया आपके बैग को न केवल मुलायम बनाए रखती है, बल्कि उसकी उम्र भी बढ़ाती है।कंडीशनिंग से बैग का चमड़ा सूखने या फटने से बचता है और उसकी प्राकृतिक सुंदरता बरकरार रहती है। इसे हर कुछ महीनों में दोहराना चाहिए।

### सावधानीपूर्वक उपयोग करें

अपने लग्जरी बैग्स का उपयोग करते समय सावधानी बरतना बहुत जरूरी होता है।

इन्हें भारी सामानों या तेज धार वाली चीजों से दूर रखें ताकि कोई खरोंच या नुकसान ना हो सके। जब भी बाहर जाएं तो ध्यान दें कि आपका बैग किसी गंदगी या पानी वाले स्थान पर ना रखा जाए।

इन सरल तरीकों को अपनाकर आप अपने लग्जरी हैंडबैग्स की खूबसूरती और मजबूती लंबे समय तक बरकरार रख सकते हैं।

# जानें किस तरह के दूध का सेवन आपके लिए है स्वास्थ्यवर्धक, डाइट में करें शामिल



दूध हमारी डाइट का एक अहम हिस्सा है, जो हमें कई जरूरी पोषक तत्व प्रदान करता है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि दूध के कई प्रकार होते हैं, जिनके अपने-अपने फायदे होते हैं? इस लेख में हम आपको छह अलग-अलग प्रकार के दूध और उनके पोषण समेत स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताएंगे। इससे आप यह समझ सकेंगे कि कौन-सा दूध आपके लिए सबसे उपयुक्त है।

### गाय का दूध

गाय का दूध सबसे आम और लोकप्रिय होता है। इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन डी और बी12 की भरपूर मात्रा होती है। यह हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है और बच्चों की वृद्धि के लिए भी फायदेमंद होता है। इसके अलावा गाय का दूध पाचन तंत्र को सुधारने में भी सहायक होता है। अगर आपको लैक्टोज इनटॉलरेंस नहीं है तो गाय का दूध आपके दैनिक आहार में शामिल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

### बकरी का दूध

बकरी का दूध उन लोगों के लिए अच्छा विकल्प हो सकता है, जिन्हें गाय के दूध से एलर्जी होती है या लैक्टोज इनटॉलरेंस की समस्या होती है।इसमें प्रोटीन की मात्रा थोड़ी कम होती है लेकिन यह आसानी से पच जाता है।बकरी के दूध में कैल्शियम और विटामिन-ए भी अच्छी मात्रा में होते हैं, जो हड्डियों और आंखों की सेहत को बनाए रखने में मदद कर सकते हैं।

### सोया दूध

सोया दूध उन लोगों के लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है, जो शाकाहारी या वेगन डाइट फॉलो करते हैं। इसमें प्रोटीन की अच्छी मात्रा होती है और यह कोलेस्ट्रॉल मुक्त होता है, जिससे दिल की सेहत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।सोया मिल्क हार्मोनल संतुलन बनाए रखने में मदद करता है क्योंकि इसमें फाइटोएस्ट्रोजन होते हैं, जो महिलाओं की सेहत पर खास असर डालते हैं।

### बादाम का दूध

बादाम का दूध कम कैलोरी वाला होता है इसलिए यह वजन घटाने वालों के लिए आदर्श माना जाता है।इसमें विटामिन-ई भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो त्वचा को निखारने में मदद करता है और इसे तरोताजा बनाए रखता है।इसके अलावा बादाम के दूध में कैल्शियम और विटामिन-डी भी होते हैं, जो हड्डियों की मजबूती के लिए फायदेमंद होते हैं। यह दूध उन लोगों के लिए भी अच्छा विकल्प है, जिन्हें लैक्टोज इनटॉलरेंस की समस्या होती है।

# रामजी बाबा मेला से इस बार व्यापारियों को हुआ अच्छा लाभ

## करीब 5 से 8 करोड़ के कारोबार का अनुमान, छोटे व्यापारियों को मिला मुनाफा

नर्मदापुरम (निप्र)। संभाग का सबसे बड़ा मेला संत शिरोमणी श्रीराम जी बाबा मेला में इस बार प्राकृतिक आपदाएं नहीं हुई। पूर्व में बीते अनेक वर्षों में देखा गया कि मेला अवधि में एक दो बार बारिश जरूर हो जाती थी जिससे व्यापारियों को परेशानी होती थी। इस बार व्यापारियों व शहर तथा आसपास के लोगों को मेला खुशी बांटता रहा। बीते वर्ष कम व्यवसाय हुआ था। मेला की अवधि भी सिर्फ 10 दिन थी। इस बार तो 12 दिन से ज्यादा समय मिल गया। महा शिवरात्रि तक तथा उसके दूसरे दिन भी व्यापारियों को अच्छा मुनाफा मिल गया है। इस बार मेंला में करीब 5 से 8 करोड़ का कारोबार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। मेला में जो रौनक शुरू हुई तो समापन होने के औपचारिक घोषणा के बाद बाद भी दो दिन तक भारी भीड़ रही। बाद में भी बिजली मिली उसके महाशिवरात्रि के दिन भी ग्राहकी होती रही। मेला में भारी भीड़ उमड़ती रही थी। दिन में व्यापारियों को खूब लाभ हुआ।

### घर परिवार की जरूरी वस्तुओं की हुई बिक्री

मेला में अपनी जरूरत की वस्तुओं की खरीदी करने के लिए शहर के अनेक लोग पहुंचे। घर परिवार की आवश्यकताओं की सामग्री मेला में बाजार रेट से कम दाम में मिल रही थी। इस कारण मेला में लगातार ग्राहकी बनी रही।

### सामान समेटने के साथ हुई ग्राहकी



मेला का समापन जरूर हो गया है लेकिन छोटी दुकाने लगी रही। कुछ दुकानदार सामान समेटने में लगने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्र के लोग आए हुए थे जो मेला में अपनी पसंद की खरीदी कर रहे थे।

### मेला परिसर में लगी थी 500 दुकानें

मेला तथा मेला से बाहर छोटी- बड़ी मिलाकर करीब 500-600 दुकाने लगी रही। जिनमें बच्चों तथा महिलाओं के काम की वस्तुएं ज्यादा आई थी। इन दुकानों पर प्रतिदिन भीड़ रहने के साथ ग्राहकी भी जमकर हुई। फुटपाथ वाली दुकानों पर ग्राहकी ज्यादा हुई।

### दोनों पक्षों में खुशी

मेला में दुकान लगाने वाले दुकानदार तथा खरीदी करने वाले ग्राहकों को भी यहां पर अपनी पसंद के सस्ते सामान आसानी से मिल जाते हैं। इस कारण इस मेला से दोनों पक्ष में खुशी बनी रही।

### महिलाओं और बच्चों ने की खरीददारी

मेला में सबसे ज्यादा सामग्री बच्चों के आयटमों की थी। इसी के साथ महिलाओं की सौदर्य सामग्री, रेडीमेड कपड़े, वेल्ट, चश्मा, घड़ी, मोबाइल के कवर, जूते सेडिंल, चप्पल, घर संसार, किचिन की सामग्री, घरों को सजाने के आयटम के अलावा, चाट, नास्ते की सामग्री, साफ्टी आइसक्रीम पर काफी भीड़ रही।

### झूलों पर लिया आनंद

मेला में इस बार सबसे ज्यादा झूले आए हुए थे। एक दर्जन झूलों में रंग बिरंगी एलईडी लाइट लगी हुई थी जिससे पूरा मेला परिसर जगमग होता रहा। इन सभी झूलों पर रोजाना काफी भीड रही। झूले वालों को भी पहले की तुलना में अच्छी कमाई हुई है। क्योंकि दोपहर से लेकर रात के 11 बजे तक झूले चालू रहे।

# कभी स्ट्रीट लाइट चालू कभी बंद करने से हो रही परेशानी



नर्मदापुरम (निप्र)। शहर के व्हीआईपी कहलाने वाले कोठीबाजार और सदर बाजार क्षेत्र में कभी स्ट्रीट लाइट चालू रहती है। कभी बंद कर दी जाती है। ऐसा ही हाल शहर के अनेक क्षेत्रों में हो रहा है इससे लोगों को परेशानी होती है। इतना ही नहीं प्राचीन चर्च के सामने से लेकर कलेक्ट्रेट गेट तक जाने वाले मार्ग पर तो कई दिनों से स्ट्रीट लाइट नहीं जलने से रात्रि में इस मार्ग से निकलने वाले जरूरतमंद लोगों को परेशानी हो रही है। इस क्षेत्र के मार्ग से शहर के अनेक लोगों का आना जाना लगा रहता है। रात के समय इस मार्ग पर घुप अंधेरा रहने से लोगों को लंबा चक्कर लगाकर जाना पड़ता है। वहीं जब कोई जरूरी कार्य हो तो और अधिक दिक्कतें होती है। मार्ग के दोनों ओर अंधेरा होने के कारण लोगों को अंधेरे में इस मार्ग से निकलना मुश्किल होता है। इस क्षेत्र के नागरिकों ने नगर पालिका से इस मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग पर पशुओं का डेरा अधिक होने से खतरा बना रहता है।

# डंपर और ट्रालियों से गिरती रहती है रेत

## रेत पर बिना तिरपाल ढके हो रहा परिवहन

नर्मदापुरम(निप्र)। शहर से प्रतिदिन सैंकड़ों की संख्या में डंपर और ट्रैक्टर टाली से रेत का वैध अवैध परिवहन हो रहा है। इन डंपर चालकों को प्रशासन से स्पष्ट निर्देश है कि एक तो ओवर लोडिंग नहीं होना चाहिए। वहीं दूसरी और उन पर तिरपाल अवश्य ढांकी जाए। कुछ वाहन तो ढंक भी लेते हैं लेकिन कई वाहन चालक मनमानी करते हुए उनके डंपर को ओवर लोड भर कर चलते हैं प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए मनमानी कर रहे हैं। उन पर तिरपाल भी नहीं ढकते हैं जो कि बड़ा खतरा बन रही हैं। क्योंकि जब ये वाहन तेज गति से निकलते हैं उनके दाएं बाएं चलने वाले वाहनों के वाहन चालक जिसमें दो पहिया वाहन चालक को काफी परेशानी होती है। डंपर से गिरने वाली रेत अनेक बार दोपहिया वाहन चालक की आंख में चली जाती है। जिससे अचानक खतरा उत्पन्न हो जाता है।

## दिन के तापमान में होने लगी वृद्धि

नर्मदापुरम(निप्र)। आधा फागुन बीतते ही व फरवरी माह बीतने पर गर्मी व तेज धूप का एहसास होने लगा है। इसी के साथ तापमान में भी प्रतिदिन धीरे धीरे वृद्धि होने लगी है। सुबह से ही तेज धूप का असर होने लगा है। होली के बाद रंगपंचमी से और अधिक तेज धूप होने लगती है। लेकिन अभी से धूप निकलने से गर्मी बढ़ती जा रही है। धूप तेज होते ही दिन के साथ साथ रात में भी गर्मी ने अपना असर बनाना शुरू कर दिया है। अब सुबह शाम की गुलाबी ठंडक कम होने लगी है। सिर्फ रात के चतुर्थ पहर में कुछ हल्की ठंड रह गई है। बांकी दिन और रात में गर्मी का असर साफ तौर पर मेहसूस होने लगा है।

## मच्छरों की बढ़ती जा रही तादात

नर्मदापुरम (निप्र)। शहर में गर्मी का असर बढ़ते ही मच्छरों की तादात भी बढ़ती जा रही है। जिससे मलेरिया सहित अन्य मच्छर जनित बीमारियां बढ़ने की संभावना बढ़ रही है। जिनमें मुख्य रूप से शर्दी खांसी और पेट दर्द जैसी बीमारियां बढ़ती जा रही हैं।

## जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में समर्पण निधि अभियान को मिली नई गति

नर्मदापुरम(निप्र)। भारतीय जनता पार्टी जिला नर्मदापुरम में 11 फरवरी से प्रारंभ हुए समर्पण निधि अभियान में मंडल स्तर पर आजीवन सहयोग निधि भाजपा कार्यकर्ताओं से एकत्रित की जा रही है। जिला मीडिया प्रभारी अमित माहाला ने बताया कि अभियान के अंतर्गत शनिवार को नर्मदापुरम नगर मंडल में समर्पण निधि अभियान के तहत भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमति प्रीति शुक्ला के नेतृत्व में भाजपा नेत्री श्रीमति नीरजा फौजदार एवं निशांत फौजदार से व सेमरी हरचंद मंडल से मंगेश माहेश्वरी ने सहयोग निधि जमा की। श्रीमती शुक्ला ने कहा कि आजीवन सहयोग निधि संगठन की आत्मनिर्भरता और विस्तार का मजबूत आधार है। इस अवसर पर लोकेश तिवारी, पीयूष शर्मा विवेक गौर प्रशांत दीक्षित ज्योति चौरे राहुल सिंह ठाकुर वंदना दुबे अनिल दुबे सुरेंद्र चौहान उपस्थित रहे।

## विद्यालयों में परीक्षा परिणाम सुधार के लिए विशेष कक्षाएं एवं रेमेडियल सत्र किये जायेंगे आयोजित

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएँ जारी हैं। परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने के लिए विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा विशेष कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। यह निर्णय चमक अभियान के अंतर्गत लिया गया है, जिसमें शिक्षकों ने परीक्षा अवकाश के दौरान भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने का संकल्प लिया है। जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन विद्यालयों में अध्ययनरत ऐसे विद्यार्थी जिन्हें 5-7 अंकों की सहायता से उत्तीर्ण किया जा सकता है, उनके लिए अंग्रेजी, विज्ञान, गणित तथा कक्षा 12वीं के भौतिकी, रसायन, गणित एवं जीव विज्ञान जैसे कठिन विषयों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विषय विशेषज्ञों द्वारा पूर्व में भेजे गए संभावित प्रश्नों के आधार पर तैयारी कराई जा रही है, ताकि छात्रों का प्रदर्शन सुधरे और जिले का परीक्षा परिणाम बेहतर हो। इसके अलावा, क्षेत्र के विषय विशेषज्ञों से भी अपेक्षा की गई है कि वे अध्ययन सामग्री सभी शैक्षणिक समूहों में साझा करें और विद्यार्थियों को अधिक से अधिक सहायता प्रदान करें।

# बार बार हो रही बिजली की आंख मिचौली

## नागरिकों को हो रही परेशानी




नर्मदापुरम (निप्र)। बिजली कटौती का कोई निश्चित समय तय नहीं होने से उपभोक्तओं को परेशानी हो रही है। हर कभी दिन में दोपहर के समय अघोषित कटौती से शहर के मालाखेड़ी, कालका नगर, पटवारी कॉलोनी, कोठीबाजार, हाऊसिंग बोर्ड सहित अन्य अनेक क्षेत्रों में बार बार बिजली की कटौती होती रही। जिससे लोगों के घरेलू कार्य प्रभावित होते रहे। नागरिकों का कहना है कि बिजली कंपनी के द्वारा कभी भी कहीं भी किसी भी अकारण कटौती की जाने से बार बार परेशानी हो रही है। आधे से ज्यादा शहर में बिजली की बार बार आंख मिचौली होती रही। जिससे शहर के लोगों को बार बार दिक्कतें हो रही थी। बिजली नहीं रहने से लोगों के बिजली संबंधी कार्य में अढ़चने हो रही थी। बिजली कंपनी कभी घोषित कभी अघोषित बिजली कटौती करती रही है, बताया जा रहा है कि एक साथ दो जगह सुधार कार्य किए जाने की बजह से आधे शहर में यह समस्या उत्पन्न हो गई थी।

### गर्मी भी लेने लगी परीक्षा

अभी तो मार्च का ही महिना शुरू हुआ है। उससे पूर्व ही गर्मी का तेज असर शुरू हो गया है। लोग कहने लगे हैं कि अभी से गर्मी परीक्षा लेने लगी है। जब अभी इतनी गर्मी होने लगी तो अप्रैल और मई में क्या हाल होंगे।

गर्मी का एहसास तब और ज्यादा हो रहा है जब अचानक बिजली चली जाती है। बिजली की आंख मिचौली के संबंध में जानकारी लेने पर बिजली कंपनी के शहर जेई ने बताया कि सुधार कार्य के कारण बार बार बिजली की टेस्टिंग की जाती है। जिससे भी बिजली को बंद रखना पड़ता है।

# भाजपा डोलरिया मंडल की प्रथम संगठनात्मक बैठक हुई

## पार्टी हमेशा ईमानदारी और मेहनत को प्राथमिकता देती है- प्रीति शुक्ला

नर्मदापुरम।डोलरिया (निप्र)। भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला व्दारा जिले में निरंतर संगठनात्मक प्रवास किये जा रहे है। इसी के अंतर्गत शनिवार को सिवनी मालवा विधानसभा के डोलरिया एवं केसला मंडल में प्रथम संगठनात्मक एवं परिचयात्मक बैठक ली। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ने कार्यकर्ताओं से सौजन्य भेंट कर मंडल की संगठनात्मक स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत केवल शीर्ष नेतृत्व में नहींए बल्कि उन समर्पित कार्यकर्ताओं में है जो बूथ स्तर पर अपनी निष्ठा और परिश्रम से पार्टी को मजबूत करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी हमेशा ईमानदारी और मेहनत को प्राथमिकता देती है और जो कार्यकर्ता निष्ठा से संगठन के लिए कार्य करते हैंए उन्हें योग्यतानुसार सम्मान और पदोन्नति का अवसर मिलता है।

आजीवन सहयोग निधि के जिला प्रभारी विवेक गौर ने बैठक में सहयोग निधि की समीक्षा करते हुए समर्पण की महत्ता पर प्रकाश डाला। वहीं किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा सिद्धांत एवं नीतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह राजपूत ने स्वागत भाषण दिया, जबकि आभार प्रदर्शन वीरेंद्र गौर द्वारा किया गया। संचालन मंडल महामंत्री सुनील चौधरी ने किया। बैठक में जिला महामंत्री मुकेश मैना, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र दीक्षित, श्रीमती ज्योति चौरे, राजेश गौर, सीमा कास्दे, गंगाराम कलमे, सुशील बरखड़े, जगदीश बावरिया प्रताप सिंह राजपूत रामस्वरूप गिरी महंत बलराम तिवारी राकेश गौर श्वेता शर्मा सतीश यादव अजय साहू अंकित यादव शानू राठौर डॉ रामकिशोर यादव निर्भय यादव तुलाराम यादव सहित मंडल के सभी पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने पर धारा 136 में होगी कार्रवाई

नर्मदापुरम(निप्र)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि यदि बिजली के मीटर में अनावश्क छेड़छाड़ पाई जाती है तो ऐसा करने वालों के विरूद्ध धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। कंपनी का कहना है कि किसी उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉल सेंटर के फोन नंबर 1912 पर या ऑन लाइन वेबसाइट portal.mpcz.in अथवा उपाय यूपीएवाय ऐप या बिजली वितरण केन्द्र, जोन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निराकरण की पुख्ता व्यवस्था की गई है। उपभोक्ता शरारती तत्वों के बहकावे में आकर मीटर में तोड़फोड़ या उखाड़कर अन्यत्र स्थापित करने या सर्विस लाइन को नुकसान पहुंचाने का कार्य करते हैं तो उनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। इसमें 3 वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दण्डित करने का प्रावधान है।

# अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने धारा 163 के तहत किए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

नर्मदापुरम (निप्र) । जिला प्रशासन ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए सख्त प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डी.के. सिंह द्वारा जारी इस आदेश में असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण रखने, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जिले की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। कोई भी व्यक्ति अथवा संगठन यदि सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपना चाहता है, तो उसे पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र में आयोजक तथा अधिकतम पाँच व्यक्तियों के नाम, पता एवं मोबाइल नंबर का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक होगा। साथ ही, ज्ञापन सौंपने की तिथि एवं समय भी स्पष्ट रूप से दर्ज करना अनिवार्य है।अनुमति प्राप्त अधिकतम पाँच व्यक्तियों के अतिरिक्त किसी भी अन्य व्यक्ति का कलेक्टर कार्यालय परिसर में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही, बिना पूर्व सूचना के कोई भी सभा, जुलूस, रैली या प्रदर्शन आयोजित करने की अनुमति नहीं होगी।कोई भी व्यक्ति या संगठन सक्षम अधिकारी (अनुविभागीय दंडाधिकारी) की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी प्रकार की रैली, जुलूस या वाहन रैली का आयोजन नहीं कर सकेगा। कलेक्टर कार्यालय परिसर में किसी भी प्रकार के घातक हथियार, लाठी-डंडा, पत्थर, बारूद, पटाखे, पेट्रोल अथवा अन्य ज्वलनशील पदार्थ लाने पर पूर्णतः रोक रहेगी। कलेक्टर कार्यालय परिसर में व्यावसायिक वाहनों (भारी वाहनों) के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(1)(3) के तहत जारी किया गया है।

# 3 लाख विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा देकर किया कौशल उन्नयन

## 2383 हायर सेकेण्डरी स्कूलों में इस वर्ष शुरू की गई व्यावसायिक शिक्षा

नर्मदापुरम (निप्र)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विद्यार्थियों के कौशल उन्नयन के लिये इस वर्ष 3 लाख विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा दिलाई गई है। इस शैक्षणिक सत्र में प्रदेश के 2383 हायर सेकेण्डरी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा प्रारंभ की गई है।नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में विद्यार्थियों को सुलभता से रोजगार उपलब्ध कराने के लिये व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दिया गया है। नई शिक्षा नीति में इस बात पर ध्यान दिया गया है कि तेजी से बढ़ती हुई विश्व की अर्थव्यवस्था में हम सभी का किस प्रकार से योगदान हो। बढ़ती हुई आबादी के साथ जनता के लिये उनकी शिक्षा, कौशल तथा आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार का सृजन एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इसी चुनौती का सामना करने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शालाओं में विद्यार्थियों को उनकी रूचि के अनुसार वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए व्यावसायिक शिक्षा देने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए स्कूलों में नये ट्रेडों की शुरुआत की गई है। इसके लिये प्रशिक्षकों की सेवा भी ली जा रही है।प्रदेश में सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए इस वर्ष 40 हजार से अधिक शिक्षकों को विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दिलाया गया है। प्रशिक्षण की व्यवस्था में प्रारंभिक तौर पर मास्टर ट्रेनर्स भी तैयार किये गये हैं। सरकारी स्कूलों में कक्षा 5वीं से 6वीं, कक्षा 8वीं से 9वीं और कक्षा 10वीं से 11वीं में प्रवेश के समय अनेक विद्यार्थी स्कूल बदलते हैं। कुछ विद्यार्थी इस प्रक्रिया के दौरान आगामी कक्षा में प्रवेश ही नहीं ले पाते हैं। इस वजह से छात्रों के ड्रॉप-आउट की संभावना बढ़ जाती है। स्कूल शिक्षा विभाग यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है कि सभी उत्तीर्ण विद्यार्थी आगामी कक्षा में प्रवेश लें। ऐसे विद्यालयों में प्रधानाध्यापक और प्राचार्य प्रत्येक विद्यार्थी एवं उनके अभिभावकों से चर्चा कर निकटस्थ विद्यालयों में प्रवेश दिलाने के लिये ठोस रूप से काम कर रहे हैं। विभाग द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को अपने जिले में विद्यार्थियों की ड्रॉप आउट संख्या कम करने पर विशेष ध्यान देने के लिये कहा गया है।

### बुधनी के आवासीय स्कूल में प्रवेश फार्म की अंतिम तिथि 10 मार्च

सीहोर (निप्र)। सीहोर जिले के बुधनी स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल की कक्षा छठवीं में सत्र 2025-26 में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। स्कूल की कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए कुल 60 सीटें रिक्त हैं। जिसमें 30 सीटों छात्रों एवं 30 सीटों पर छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। विद्यालय की प्राचार्य सुश्री अमीना खान ने बताया कि इसके लिए 18 फरवरी 2025 से ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। जिसकी अंतिम तिथि 10 मार्च 2025 है। इसके साथ ही 12 मार्च से परीक्षा के प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे तथा 30 मार्च को परीक्षा होगी। इसमें प्रवेश के लिए विद्यार्थियों के पास अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कक्षा चौथी एवं पांचवी की अंकसूची एवं 06 पासपोर्ट साइज फोटो होना अनिवार्य है।

# एसी का तापमान 27 डिग्री सेट करने पर बिजली बिल में 30 फीसदी तक की कमी

नर्मदापुरम (निप्र)। गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने से बिजली बिल अधिक आता है, लेकिन कुछ तरीके अपना कर बिजली बिल में कमी की जा सकती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने जानकारी दी है कि एक शोध से यह साबित हुआ है कि एसी का तापमान 27 डिग्री पर सेट करने से बिजली बिल में 30 प्रतिशत तक कमी हो सकती है। शोध के अनुसार, प्रत्येक डिग्री तापमान में वृद्धि के परिणामस्वरूप स्प्लिट एसी की ऊर्जा खपत में 6 प्रतिशत की कमी आती है। दरसअल कमरे को तुरंत ठंडा करने के लिए तापमान को 18 डिग्री तक कम करना एक आम गलतफहमी है। जबकि 27 डिग्री सेल्सियस तक कम करने में लगने वाला समय वही रहता है, चाहे आप एसी का तापमान 18 या 27 डिग्री सेल्सियस पर सेट करें। जब आप कम तापमान सेट करते हैं, तो कमरे के तापमान को कम करने के लिए कंप्रेसर को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है। इसके परिणामस्वरूप अधिक बिल आता है। यहां तक कि अगर आप थर्मोस्टेट को 18 डिग्री पर सेट करने के बाद कुछ मिनटों के भीतर एसी बंद कर देते हैं, तो विभिन्न लीक के माध्यम से ठंडी हवा के फैलने से तापमान तेजी से बढ़ जाएगा, जिससे आपका प्रयास व्यर्थ हो जाएगा।विशेषज्ञों का कहना है कि यदि आप थर्मोस्टेट को 27 डिग्री सेल्सियस पर सेट करते हैं और टाइमर को 2 घंटे के लिए सेट करते हैं और साथ में सीलिंग फैन चला देते हैं, तो यह आमतौर पर अच्छी नींद के लिए आरामदायक तापमान बनाए रखता है।

## दान में इतनी बड़ी शक्ति है कि सारा जीवन परिवर्तित हो सकता है ,: आचार्य श्री उदारसागर जी महाराज

सीहोर ( निप्र)। श्री दिगंबर संत आचार्य 108 श्री उदार सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में श्रीं पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित छावनी में प्रातः श्री जी के अभिषेक शांति धारा नित्य नियम पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान श्रावक श्राविकाओ ने संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित किया। तत्पश्चात धर्म सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए प्रवचन के दौरान बताया कि दान चार प्रकार का होता है आहार दान, औषधि दान और अभय दान।दान सतपात्रो को दिया जाता है । सतपात्रो को दिया दान मुक्ति के मार्ग को प्रशस्त करता है। सतपात्रों मे उतम मुनि महाराज, मध्यम में आर्थिकाएं श्रृल्लक क्षल्लिकाएं तथा जघन्य पात्र वितरागी श्रावकगण आते हैं। परोपकार के लिए अपनी वस्तुओं का प्रदान करता दान है विधि पूर्वक दिया गया दान ही फलदायी होता है जितने उत्कृष्ट पात्र मिलते हैं तो दान का फल उतना ही उत्तम होता है।आचार्य श्री ने आगे कहा कि अपने परिश्रम से कमाये गये धन से अवसर आने पर समर्पित भाव से दान करना चाहिए। जब ही धन का सदउपयोग सार्थक होता है।श्रद्धा के बिना दान देना कार्यकारी नहीं होता। जिनके जीवन में शिष्टाचार नहीं धर्म से रहित है उनका जीवन निर्यचो के समान है, वे सिर्फ इस धरती पर भार स्वरूप मात्र विचरण कर रहे हैं।

# मध्य क्षेत्र में अब तक 6 लाख 73 हजार से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने कराई ई-केवायसी

नर्मदापुरम (निप्र)। राज्य की लाभकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए बिजली उपभोक्ताओं को ईकेवायसी कराना अनिवार्य है। उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय ऐप से भी ईकेवायसी करा सकते हैं। गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध उपाय ऐप डाउनलोड कर बिजली उपभोक्ता समग्र केवायसी में अपना उपभोक्ता क्रमांक एवं समग्र क्रमांक दर्ज करने के बाद लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी को दर्ज कर केवायसी प्रक्रिया को पूर्ण कर सकते हैं। केवायसी प्रक्रिया में अब तक 06 लाख 73 हजार 534 उपभोक्ताओं ने सफलतापूर्वक केवायसी करा ली है। कंपनी ने बताया है कि नर्मदापुरम ग्रामीण क्षेत्र में 71 हजार 940, बैतूल ग्रामीण में 91 हजार 012, राजगढ़ ग्रामीण में 51 हजार 223, शहर वृत्त भोपाल में 61 हजार 271, भोपाल ग्रामीण में 38 हजार 656, गुना ग्रामीण में 32 हजार 353, विदिशा ग्रामीण में 49 हजार 230, सीहोर ग्रामीण में 24 हजार 130, ग्वालियर ग्रामीण में 21 हजार 086, शहर वृत्त ग्वालियर में 46 हजार 642, अशोकनगर ग्रामीण में 25 हजार 737, दतिया ग्रामीण में 25 हजार 233, रायसेन ग्रामीण में 44 हजार 009, शिवपुरी ग्रामीण में 25 हजार 791, हरदा ग्रामीण में 20 हजार 964, श्योपुर ग्रामीण में 09 हजार 652, मुरैना ग्रामीण में 23 हजार 730 एवं भिण्ड ग्रामीण में 10 हजार 875 बिजली उपभोक्ताओं की केवायसी की गई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं के बिजली संबंधी व्यक्तिगत विवरण को कंपनी के रिकार्ड में अपडेट करने के लिए नो योर कंज्यूमर (केवाईसी) प्रक्रिया शुरू की है। कंपनी द्वारा नो योर कंज्यूमर (केवायसी) प्रक्रिया के तहत बिजली उपभोक्ताओं की व्यक्तिगत जानकारी जैसे समग्र आईडी, मोबाइल नंबर एवं बैंक खाता इत्यादि की जानकारी को अपडेट किया जा रहा है। नो योर कंज्यूमर (केवायसी) प्रक्रिया से बिजली उपभोक्ताओं को जहां राज्य शासन की योजनाओं का लाभ सीधे लाभ अंतरण (डीबीटी) योजना के माध्यम से सुनिश्चित किया जा सकेगा वहीं दूसरी ओर प्रणाली में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com


मध्यप्रदेश सरकार ने
किसानों को दी
बड़ी सौगात
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
किसान
आभार सम्मेलन
गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
गेहूं उपार्जन पर
₹175 प्रति क्विंटल
बोनस देगी प्रदेश सरकार
गेहूं खरीदी मूल्य
₹2600
प्रति क्विंटल निर्धारित
खरीफ 2024 के धान उपार्जन पर
₹4000 प्रति हेक्टेयर
दी जायेगी प्रोत्साहन राशि
अन्नदाता की खुशहाली के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के
संकल्प को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देता मध्यप्रदेश
2 मार्च 2025 I दोपहर 12:00 बजे
मुख्यमंत्री निवास, भोपाल
31 मार्च
2025 तक
गेहूं उपार्जन के लिए
किसानों का पंजीयन
15 मार्च से
5 मई 2025 तक
प्रदेश स्तरीय
गेहूं उपार्जन
D-11205/24
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP